दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 06 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 106 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# सादर आमंत्रण

दैनिक समाचार पत्र

## करंट क्राइम

सिर्फ सच...

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में

राम नवमी के पावन पर्व पर आयोजित

## विशाल भंडारे

में आप सादर आमंत्रित हैं।

**दिनांक :**

**6 अप्रैल, 2025**

**दिन : रविवार**



समय : दोपहर 12.30 बजे से प्रारम्भ

स्थान : के-4, ए-ब्लॉक,
गोविन्दपुरम कमर्शियल एरिया,
हापुड़ रोड, गाजियाबाद

**दर्शनाभिलाषी - दैनिक करंट क्राइम परिवार**

# सीएम योगी ने कहा: प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तेजी से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण किया। कहा, उत्तर प्रदेश के अर्थव्यवस्था में पूरे देश में नंबर एक पर पहुंचाया जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है तो अपना यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश भय और अराजकता से मुक्त हो सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका एक बड़ा उदाहरण महराजगंज में बना यह रोहिन बैराज भी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुई कहीं। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जहां बिना किसी भेदभाव के काम होता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश एक नये भारत का दर्शन कर रहा हैं। जो भारत बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सबको देता है। किसानों हो, नौजवान, मजदूर हो या महिलाएं सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जो काम पिछली सरकारों ने सत्तर सालों में नहीं किया वो काम मोदी सरकार ने दस वालों में कर दिखाया।

डबल इंजन की सरकार में आज देश के 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। चार करोड़ गरीब परिवारों को उनका अपना आशियाना मिला है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई से लेकर लोगों की दवाई तक के लिए भाजपा सरकार काम कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों से लोग जिस रोहिन नदी के बाढ़ की त्रासदी झलते रहे, वहीं नदी अब यहां के खेतों को सींच कर किसानों की खुशहाली का नया द्वार खोलेगी। उन्होंने जनपद के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए किसानों को महाव के बाढ़ से निजात दिलाने का भरोसा भी दिलाया। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए विकास और सुशासन में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल व संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# दिल्ली में आयुष्मान योजना हुई लागू

## गरीब 10 लाख तक का करा सकेंगे मुफ्त इलाज



**इन्हें मिल सकती है सुविधा**

- राशन कार्ड के साथ दिल्ली के आधार कार्ड धारक
- 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति

**इन कार्ड धारकों को मिल सकती है सुविधा**

- अंत्योदय अन्न योजना राशन कार्ड (एएवाई)
- परिवार की संख्या : 66,281
- लाभार्थी : 2,72,248

**नई दिल्ली।** राजधानी में गरीबों के लिए आयुष्मान योजना लागू हो गई है। इस सुविधा के तहत पंजीकृत व्यक्ति दिल्ली सहित देशभर के निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। इसको लेकर शनिवार को दिल्ली में आयुष्मान के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच समझौता हुआ है।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री समेत ये अधिकारी रहे मौजूद

दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, सभी सातों सांसद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस योजना को लागू करवाया और बढ़ा फंड दिया। केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार एक दिशा में काम न करें इसका उदाहरण है। दिल्ली को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। मंहगा इलाज होता था। निजी अस्पताल में मिल सकते थे। इस योजना के लागू होने पर मनपसंद अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे। 1961 चिकित्सा बीमारी का इलाज करवा सकता है।

30957 देशभर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। 2 लाख 35 हजार को पहले चरण में लाभ मिलेगा। 10 अप्रैल से कार्ड मिलेगा। एक माह में एक लाख परिवारों को मिलेगी सुविधा दिल्ली सरकार के मुताबिक, समझौते के साथ ही योजना के तहत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में एक लाख परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

# गुदड़ी बाजार हत्याकांड के आखिरी आरोपी को भी उम्रकैद, बेहद खौफनाक थी मेरठ की ये वारदात



**मेरठ।** मेरठ में हुए चर्चित गुदड़ी बाजार हत्याकांड में अदालत ने आखिरी आरोपी शम्मी को भी दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं इस हत्याकांड के 10 आरोपियों को पहले ही उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। यह हत्याकांड बेहद वीभत्स और खौफनाक वारदातों में से एक था।

उत्तर प्रदेश के मेरठ में हुए चर्चित गुदड़ी बाजार हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने इस हत्याकांड के आखिरी आरोपी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में 10 आरोपियों को अदालत पहले ही उम्रकैद की सजा सुना चुकी है। गुदड़ी बाजार के तिहरे हत्याकांड में न्यायालय ने अपने 173 पेजों के निर्णय में इस घटना को विरल से विरलतम श्रेणी का न मानते हुए इजलाल समेत दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी और जुमार्ना लगाया। सभी दोषियों को पहले से कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा, इसलिए भी इस मामले में विरलतम श्रेणी का नहीं माना। शीबा के मामले में अदालत ने 58 पेज का निर्णय दिया था। जिसमें माना है कि हत्या करते वक्त इजलाल के दिमाग में शीबा के शब्द गूंज रहे थे कि तीनों को रास्ते से हटा दो।

22 अगस्त 2008 को कोतवाली पुलिस ने तिहरे हत्याकांड में 14 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो आरोपी इसरार और माजिद की मौत हो गई थी। अगस्त 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुकदमे में रोजाना सुनवाई करने के आदेश दिए थे। दस जुलाई 2024 तक लगातार हर रोज सुनवाई हुई। 14 साल तक सभी को जेल में रहना पड़ा। 2023 में इजलाल पक्ष की तरफ से हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई, 14 साल जेल में रहने के चलते जमानत मिल गई थी। सभी नौ आरोपी तब से बाहर थे।

एक अगस्त को कोर्ट ने इजलाल और उसके भाई अफजाल, महराज, कल्लू उर्फ कलुआ, इजहार, मुन्नू ड्राइवर उर्फ देवेंद्र आहूजा, वसीम, रिजवान, बदरुद्दीन पर हत्या समेत तमाम धाराओं और शीबा सिरोही पर हत्या के लिए उकसाने के आरोपों को सही मानते हुए दोषी करार दिया था। हत्याकांड के दो आरोपी इसरार और माजिद की मौत हो चुकी है।

### देश भर में चर्चा का विषय बना था ये हत्याकांड

23 मई 2008 की दोपहर बागपत और मेरठ जिले की सीमा पर बालैनी नदी के किनारे तीन युवकों के शव पड़े मिले थे। इनकी पहचान मेरठ निवासी 27 वर्षीय सुनील ढाका निवासी निवासी ढिकौली बागपत, 22 वर्षीय पुनीत गिरि निवासी खटकी परीक्षितगढ़ और 23 वर्षीय सुधीर उज्ज्वल निवासी सिरसलगढ़ बिनौली बागपत के रूप में हुई थी। जांच में सामने था आया कि 22 मई की रात कोतवाली के गुदड़ी बाजार में हाजी इजलाल कुरैशी ने अपने भाइयों और साथियों के साथ मिलकर तीनों की हत्या की। इजलाल की दोस्त शीबा सिरोही को हत्या के लिए उकसाने का आरोपी बनाया गया था।

# अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच 86 नक्सलियों ने हथियार डाले, आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं





**हैदराबाद।** गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच, तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के कुल 86 सदस्य शनिवार को तेलंगाना के भद्रादी कोठागुडेम जिले में हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं शामिल हैं। चार एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) सहित 86 माओवादियों ने नक्सलवाद के हिंसक रास्ते को छोड़ने का फैसला किया है, क्योंकि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नक्सलियों ने मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये दिए गए।

### चारों एरिया कमेटी सदस्यों पर था चार-चार लाख रुपये इनाम

भद्रादी कोठागुडेम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी रोहित राजू ने बताया कि चारों एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) पर चार-चार लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि सभी नक्सलियों ने आदिवासी समुदायों के लिए किए जा रहे विकास और कल्याणकारी पहलों के बारे में जानने के बाद आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

### इस वर्ष 224 नक्सली कर चुके आत्मसमर्पण

पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक विभिन्न कैडर के 224 नक्सली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित सीपीआई(एम) पुरानी विचारधारा पर काम कर रहा है। आदिवासियों के बीच विश्वास और समर्थन खोने के बाद उग्रवादियों ने मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया।

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर हैं। शनिवार की दोपहर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहले विमान से बस्तर पहुंचे। जगदलपुर आगमन के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप और क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। यहां से दंतेवाड़ा रवाना हुए।

### मां दंतेश्वरी का लिया आशीर्वाद

दंतेवाड़ा पहुंचकर सबसे पहले मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इस दौरान वह धोती-कुर्ता पहने नजर आए। मां का आशीर्वाद लेने के बाद अमित शाह बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। यहां उन्हें माला और गौर मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया गया। यहां पर वह बस्तर के पारंपरिक ड्रिंक्स और फूड्स का स्वाद भी चखेंगे। शाम को रायपुर में उच्च स्तरीय बैठक लेंगे। इसके बाद वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### सुख समृद्धि की कामना की

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री राम विचार नेताम, केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव राहुल भगत, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, 'हमारे सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सल मोर्चे पर लगातार सफलता मिल रही है।

# दिल्ली हाईवे पर टाइल्स भरा ट्रक ई-रिक्शा पर पलटा

## एक व्यक्ति की मौत, तीन गंभीर घायल



**नई दिल्ली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है। गांव पट्टी के समीप दिल्ली हाईवे पर टाइल्स से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पर पलट गया। इससे ई-रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब सवा तीन बजे टाइल्स से भरा ट्रक बरेली की तरफ जा रहा था। गांव पट्टी के समीप ई-रिक्शा को बचाने के फेर में ट्रक उसी पर पलट गया। ई-रिक्शा समेत उसमें सवार चार लोग टाइल्स के नीचे दब गए। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना दी। राहगीर भी रुक गए।

मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने टाइल्स हटवाकर चारों लोगों को बाहर निकाला। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायलों को गंभीर अवस्था में अस्पताल भिजवाया गया है। मृतक समेत घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस ने ट्रक और टाइल्स हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# 'जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी जीरो... बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ : अखिलेश यादव



लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा कि 'जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी यूपी में जीरो है। बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ हैं। करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी यूपी में जीरो हो गई है। सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टॉलरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। बीजेपी के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ हैं।

### करप्शन का मामला नहीं, बंटवारे का झगड़ा था

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था।

जो लोग 80-20 का नारा देते हैं और 46 में 56 कहते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए बीजेपी से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला।

### इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे

अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे बीजेपी के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं। ये लोग पीडीए से घबराए हुए हैं। बीजेपी यही चाहती है कि हम लोग बुनियादी सवालों पर चर्चा ना करें। क्या उत्तर प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद हो रही है ? सरकार ने खरीद के लिए प्राइवेट लोगों को लाइसेंस दे दिया है। यूपी और उत्तरखंड से सबसे ज्यादा युवा फौज में जाते थे। लेकिन, पक्की भर्ती बंद करके अग्निवीर योजना शुरू कर दी गई।

सपा मुखिया ने नसीहत देते हुए कहा कि सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति से सीखे कि वह लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए दूसरे देशों पर पाबंदी लगा रहे हैं। क्या हमारी सरकार चीन पर पाबंदी लगा पाएगी ? ये सरकार झूठ के एक्सप्रेसवे बना रही है। एक पोस्टर में लिखा था कि छह बन चुके हैं और सात निर्माणधीन हैं।

# आप नेता अमानतुल्लाह खान पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, वक्फ संशोधन बिल को दी चुनौती



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। उन्होंने कोर्ट में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को चुनौती दी है।

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। खान ने कहा कि यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कम करता है। इतना ही नहीं मनमाने कार्यकारी हस्तक्षेप को सक्षम बनाता है। वहीं धार्मिक और धर्मार्थ कार्यों का प्रबंधन करने के अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करता है।

विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य रहे बिहार के किशनगंज से लोकसभा सांसद ने कहा कि यह किसी के धार्मिक अभ्यास की पांच साल की अवधि के आधार पर वक्फ करने पर प्रतिबंध लगाता है। इस तरह की सीमा इस्लामी कानून या प्रथा में निराधार है और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने और उसका पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। याचिका में दावा किया गया है कि प्रतिबंध उन लोगों के खिलाफ भेदभाव करता है, जिन्होंने हाल ही में इस्लाम धर्म अपनाया है और धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए संपत्ति दान करना चाहते हैं। याचिका में कहा गया है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की प्रकृति निर्धारित करने की शक्ति जैसे प्रमुख प्रशासनिक कार्यों को वक्फ बोर्ड से जिला कलेक्टर को सौंपता है। यह हस्तांतरण वक्फ प्रबंधन की स्वायत्तता को कमजोर करता है और अनुच्छेद 26 (डी) का उल्लंघन करता है।

### वक्फ बिल के खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंचे कांग्रेस-ओवैसी

वक्फ संशोधन बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद कांग्रेस और एआईएमआईएम ने इसकी वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी-अपनी याचिकाओं में कहा है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक सांविधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करता है। जावेद ने आरोप लगाया है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाता है, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होती है। याचिका में कहा गया है कि प्रस्तावित कानून मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव करता है क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्त में मौजूद नहीं हैं।

# हरियाणा में नशे के विरुद्ध साइक्लोथन 2.0, सीएम नायब सिंह सैनी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**हिसार।** साइक्लोथॉन 2.0 अभियान एचएयू से शुरू होकर रानी लक्ष्मीबाई चौक, फव्वारा चौक, मटका चौक, कैंप चौक होते हुए तोशाम रोड पहुंचेगी। इसके बाद गांव डाबड़ा, लाडवा, सुल्तानपुर होते हुए भिवानी जिले में प्रवेश करेगी। रतेरा गांव से यात्रा भिवानी जिले में प्रवेश करेगी। हरियाणा में नशे के खात्मे के लिए प्रदेश स्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान को शनिवार को सीएम नायब सिंह सैनी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

अभियान के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से फ्लेचर भवन (एचएयू प्रशासनिक ब्लॉक) का मार्ग चुना गया था। साइक्लोथॉन 2.0 के लिए करीब 50 हजार लोगों ने पंजीकरण किया । करीब दस हजार साइकिल देर रात महाबीर स्टेडियम में पहुंच गई थी ।युवा सुबह से ही यहां साइकिल लेकर निकले। शुक्रवार शाम को सीएम भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया के आवास पर पहुंचे। देर रात हिसार में सैनियान मोहल्ला में भाजपा नेता रामनिवास राड़ा के आवास पर पहुंच गए थे अभियान के नोडल अधिकारी राजेश कौथ ने बताया कि हिसार से शुरू होकर यह यात्रा भिवानी जिले में प्रवेश करेगी ।यह साइक्लोथॉन महज एक खेल या इवेंट नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति की शुरूआत है। जिसमें हजारों की संख्या में युवा, छात्र, पुलिस, सेना, एनसीसी, एनएसएस और समाज के अन्य वर्गों से लोगों ने भाग लिया। यह आयोजन हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। लोगों की यह सहभागिता हमें रिकॉर्ड की दिशा में ले जा रही है ।आयोजन पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगा। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुभाष फौजी, अमित ढुल, नवीन पुनिया पूजा हुड्डा, प्रदीप बूरा ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकार भी इस अवसर पर अपने प्रदर्शन से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते रहे ।हिसार से शुरू होने वाली यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी और राज्य के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा में समाप्त होगी। कल यात्रा हिसार से भिवानी जिले की ओर बढ़ेगी और लाडवा, सुल्तानपुर, उमरा, रतेरा, ढाणी किरवार, तोशाम, सागबान व बापोड़ा होते हुए आगे बढ़ेगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 06 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Roop Chaudhary
49m

ये है छोटे चौधरी साहब @ दानवीर सिंह , ये मशहूर फ़िल्म निर्माता स्व. सत्येंद्र पाल चौधरी जी के पोत्र है .जिन्होंने नमक हलाल, शराबी , हेराफ़ेरी, ईमानदार, जैसी अनेक सफल फ़िल्में बनाई . आज छोटे चौधरी अपने छोटे दादा के घर यानि हमारे घर अपनी दो महीने की बहन से मिलने पधारे, इनकी एक्टिंग का जवाब नहीं है . साथ में इनकी दो दो दादिया, दोनों का नाम श्रीमती मंजू चौधरी ... इनके जाने के बाद घर खाली खाली हो गया .. हार्दिक शुभकामनाएँ दानवीर बेटा...दीर्घायु भव: यशस्वी भव:





# डिप्टी सीएम ने केशव प्रसाद मौर्य ने कहा अब जम्मू कश्मीर में भी करेंगे कश्यप जयंती का आयोजन

● पीडीए का मतलब परिवार डबल्पमैंट एजेंसी ● केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कांग्रेस भष्ट्राचार की अम्मा

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप की मेहनत ने दिखाया असर, महर्षि कश्यप महाकुंभ में बड़ी संख्या में शामिल हुए सर्व समाज के लोग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कश्यप निषाद संगठन की ओर से महाकुंभ कार्यक्रम में बोलते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि जब देश में मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है, तो कश्मीर में भी तिरंगा फहराया जा सकता है। जब तिरंगा फहरा सकता है तो आने वाले समय में भगवा भी फरेगा और कश्मीर में कश्यप जयंती का समारोह भी आयोजित किया जा सकता है।

शनिवार को कश्यप महाकुंभ में पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ने सबसे पहले कार्यक्रम में पहुंचकर महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। फिर उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम किया। इस दौरान कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा महर्षि कश्यप के जीवन पर आधारित एक लघु डॉक्यूमेंट्री का भी मंच से प्रदर्शन करवाया गया। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में इन दिनों सुशासन, राम राज्य और विकास की लहर नजर आती है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर किए गए हैं।

अब उत्तर प्रदेश गुंडा प्रदेश नहीं है। साथ ही अब उत्तर प्रदेश दंगा प्रदेश भी नहीं रहा है। यहां योगी सरकार है जो भयमुक्त वातावरण दे रही है। इस मौके पर उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा तो कांग्रेस पार्टी को भी भ्रष्टाचार की अम्मा करार दिया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा को समाप्तवादी पार्टी कहना शुरू कर दिया जाए।

### पीडीए का मतलब परिवार डबल्पमैंट एजेंसी

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने नरेंद्र कश्यप द्वारा आयोजित महर्षि महाकुंभ कार्यक्रम में उपस्थित के दौरान कहा कि साथ ही केशव मौर्य ने सपा के पीडीए का मतलब परिवार डबल्पमैंट एजेंसी बताया है। 2025 में वह 2027 के लिए लोगों और जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं कि दोबारा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को चुना जाए और उत्तर प्रदेश में फिर से डबल इंजन की सरकार हैट्रिक लगाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल से उत्तर प्रदेश में वर्तमान शासनकाल बेहद अच्छा है।

### उपमुख्यमंत्री ने की महर्षि कश्यप महाकुंभ की तारीफ

करंट क्राइमः नरेंद्र कश्यप द्वारा जिस तरीके से घंटाघर रामलीला मैदान में भव्य कश्यप-निषाद संगठन के महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया गया ,उसकी तारीफ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की है। मौर्य ने कहा कि इतनी गर्मी में इतने लोगों को जुटाना कोई आसान बात नहीं है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र कश्यप द्वारा जो यह आयोजन किया जा रहा है, इसे अब केवल क्षेत्रीय या स्थानीय कार्यक्रम ना समझा जाए। इसमें कई प्रदेशों के लोग आ रहे हैं और यह बड़ा ही सुंदर और विशाल होता जा रहा है।

### नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने दिया सबका साथ, सबका विकास और किए संभव प्रयास



करंट क्राइम : कश्यप समाज के महाकुंभ में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां इस देश को आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक मजबूती प्रदान की है ।तो वहीं उत्तर प्रदेश का माहौल भी बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास और संभव प्रयास कर रही है। साथ ही कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधानसभा सीट से विधायक सुनील शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, बाबू राम निषाद, बसंत त्यागी, मान सिंह गोस्वामी, नीरज गुप्ता, राम कुमार कश्यप, राजवीर, अतुल जैन, संजीव गुप्ता, ललित जयसवाल,डा. सागर कश्यप, विशाल कश्यप, आशुतोष कश्यप, सौरभ जयसवाल, के साथ ही कई अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सांसद अतुल गर्ग ने कहा कश्मीर में बसाई जानी चाहिए कश्यप कॉलोनी



करंट क्राइम : गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग इस कार्यक्रम मैं मंच से कहा कि कश्मीर में एक समय था जब हिंदू नहीं बचे लेकिन अब उन्होंने इस कार्यक्रम के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप से मांग की है कि कश्मीर में कश्यप कॉलोनी बसाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा इसमें सब साथ देंगे और सब साथ मिलकर चलेंगे। साथ ही उन्होंने इस आयोजन की तारीफ भी की है। वहीं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी कश्मीर में इस तरीके के बड़े आयोजन करने के लिए मंच से घोषणा की है।

### समाज को जोड़ने का बड़ा आयोजन है महर्षि कश्यप महाकुंभ : संजीव शर्मा



करंट क्राइम : शहर विधायक संजीव शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा आयोजित होने वाले कश्यप निषाद समाज के इस महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर कहा है कि यह समाज को जोड़ने का एक बड़ा आयोजन है। जिसे नरेंद्र कश्यप का संगठन प्रमुखता और गंभीरता के साथ कर रहा है।

### विरासत का दिया मंच से संदेश



करंट क्राइम : जब नरेंद्र कश्यप के पुत्र डॉ सागर कश्यप मंच संचालन कर रहे थे तो यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी उनकी तारीफ की। घंटा घर रामलीला मैदान में महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस महाकुंभ के कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र कश्यप के सुपुत्र डा. सागर कश्यप कर रहे थे। डॉ सागर कश्यप के मंच संचालन की कार्यक्रम के अंतिम समय में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तारीफ की। उन्होंने सागर कश्यप की पीठ थपथपाई, तो उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा कि जिस तरीके से आपने बेहतर संचालन किया है, उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।

### केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सपा अब समाप्तवादी पार्टी

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के शासन को गुंडाराज और अखिलेश द्वारा एक धर्म विशेष की चिंता करने को लेकर नाराज दिखे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा के राज में गुंडा, दंगा और अव्यवस्था वाला प्रदेश था। उन्होंने कहा कि वह अपने साथियों से कहते हैं कि सपा को अब समाप्त वादी पार्टी कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बीते दिनों संसद भवन में अमित शाह ने अखिलेश यादव को जवाब दिया था वह बिल्कुल सटीक और सही था।

### राणा सांगा का अपमान नहीं बर्दाश्त करेगा देश : सुनील शर्मा



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा है कि देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार हैं लेकिन जिस तरीके से बीते दिनों समाजवादी पार्टी के नेताओं ने राणा सांगा का अपमान किया है, उसे हिंदुस्तान सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि राणा सांगा जैसे शूरवीर इस देश की आन, बान और शान हैं। राणा सांगा पर उंगली उठाने वाले लोग पहले अपनी ओर देंखे फिर महान योद्धा क्रांतिकारी और देशभक्ति पर सवाल खड़े करें। साथ ही उन्होंने कश्यप समाज के आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को मुबारकबाद दी और कहा कि यह वाकई एक महाकुंभ जैसा नजारा है।

### नरेंद्र कश्यप ने सभी गणमान्य अतिथियों का किया धन्यवाद



करंट क्राइम : कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप की अगुवाई में जो महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया गया, इसमें कई राज्यों से न सिर्फ महिला, पुरुष और बुजुर्ग पदाधिकारी पहुंचे थे बल्कि संगठन के भी लोग पहुंचे। कार्यक्रम के मंच पर गाजियाबाद के सांसद से लेकर विधायक और कश्यप निषाद संगठन के कई प्रदेशों के प्रभारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिस तरीके से उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नरेंद्र कश्यप के आयोजन की सराहना की है वह कम नहीं है। साथ ही नरेंद्र कश्यप ने भी आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों और लोगों का मंच से धन्यवाद दिया और कहा कि आने वाले अन्य आयोजन भी इसी गर्म जोशी के साथ किए जाएंगे।

### मंच पर डिप्टी सीएम का किया ललित जयसवाल, संजीव गुप्ता, अतुल जैन ने सम्मान



**करंट क्राइम :** शनिवार को घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर महाकुंभ में महर्षि कश्यप को इस सृष्टि का रचयिता से लेकर उनके जीवन के कई महत्वपूर्ण अध्याय को बताने का काम किया गया। तो वहीं एक लघु डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई। साथ ही मंच पर मौजूद समर कूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता, सिविल डिफेंस के चीफ वॉर्डन और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े ललित जायसवाल, उद्यमी और भाजपा नेता अतुल जैन के अलावा भी कई गणमान्य जिसमें पंकज जैन दिल्ली 6 मॉल के चेयरपर्सन सहित प्रमुख शहर लोग के इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने डिप्टी सीएम केयशव प्रसाद मौर्य का सम्मान करते हुए उनको प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

# डीजी फायर सर्विस आदित्य कुमार मिश्रा ने किया मोदीनगर और वैशाली फायर स्टेशन का निरीक्षण

## सिहानी गेट में जल्द शुरू होगा फायर स्टेशन का काम और रोबोट से लैस होंगे फायरकर्मी





### - कर्मचारियों की समस्याओं पर भी जल्द समाधान का दिया आश्वासन

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** शनिवार को उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेज के प्रमुख आदित्य कुमार मिश्रा ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में फायर स्टेशन मोदीनगर और फायर स्टेशन वैशाली का निरीक्षण किया। इस दौरान फायर रिस्क के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग के सामने आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पहले से ज्यादा अधिक मुस्तैदी और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। तो वहीं गाजियाबाद के लिए वह एक अच्छी खबर भी देकर गए हैं।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जो स्थित सिहानी गेट थाने में जल्द ही फायर स्टेशन की शुरूआत होगी। तो वहीं गाजियाबाद को आग बुझाने के लिए दो अत्यधिक गाड़ियां भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही अब गाजियाबाद के दमकलकर्मी रोबोट के जरिए कैमिकल और भीषण आग बुझाने का भी काम करेंगे। साथ ही स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए भी अधिकारियों द्वारा उन्हें पत्र सौंपा गया है। जिस पर महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश आदित्य कुमार मिश्रा ने सकारात्मक रवैया दिखाया है।

### गौतम बुद्धनगर और गाजियाबाद में जल्द बनेगा ट्रेनिंग सेंटर

करंट क्राइम : गर्मियों का समय शुरू हो चुका है। ऐसे में आग से बड़े हादसे और नुकसान होते हैं, उन्हें कम करने और लोगों को आग से बचाव की जानकारी देने के लिए अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश महानिदेशक आदित्य कुमार मिश्रा ने जानकारी दी है कि जल्द ही गौतम बुद्धनगर या गाजियाबाद में एक अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा। जहां कर्मचारियों के साथ ही आमजन को भी आग से राहत कार्य व बचाव की प्रारंभिक और प्रमुख ट्रेनिंग दी जाएगी। शनिवार को महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, उपनिदेशक फायर सर्विसेज अमन शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, घंटाघर फायर स्टेशन प्रभारी शेष नारायण यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लगातार अपने दम पर बड़ा आयोजन करना होती एक बड़ी बात

## पिछले कई वर्षों से खुद को साबित किया है राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में प्राउड वही नेता फील करता है जिसके पास प्राउड होता है। यहां अगर गाजियाबाद की बात करें तो नरेन्द्र कश्यप एक ऐसे नेता हैं जो लंबे समय से एक बड़ा आयोजन करते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि उन्होंने इसे अनवरत किया है।

नरेन्द्र कश्यप के राजनीतिक इतिहास को अगर देखा जाये तो वो इस समय गाजियाबाद की सियासत के सभी नेताओं में मोस्ट सीनियर लीडरशीप के नेता हैं। वो तब एमएलसी बन चुके थे जब गाजियाबाद में नेताओं की एक पौध तैयार हो रही थी। जो अब स्थापित जनप्रतिनिधि हैं वो तब सदन और संगठन दोनों से दूर थे। यहां दल की बात नहीं हो रही। यहां सियासी प्रोफाईल की बात हो रही है तो नरेन्द्र कश्यप तीन बार एमएलसी रहे हैं। एक बार राज्यसभा सांसद रहे है और बसपा में रहते हुए भी उनका ये कद रहा कि वो जम्मू कश्मीर और पंजाब जैसे राज्यों के प्रभारी रहे, राज्यसभा सांसद रहे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे। राजनीति के इस पुरोधा ने अपने जीवन के खराब दौर में वो समय भी देखा जब वो सियासत के अर्श से फर्श पर आये। ये भी एक विडंबना थी कि इस मामले से उनका कोई लेना देना नहीं था। लेकिन परिवार है तो हर सदस्य के हिस्से में पीडा आती है। उनके परिवार में एक दुखद हादसा हुआ और उन्होंने भी इस यंत्रणा को झेला। लेकिन यहां नरेन्द्र कश्यप के जीवट को मानना पड़ेगा कि वो जीवन की विषम और विकट परिस्थितियों से बाहर निकले। जब उनके सियासी दल ने भी उन्हें मझधार में छोड दिया, तब भी उन्होंने अपनी विचारधारा को नहीं बदला। वो दोबारा से खड़े हुए और भाजपा में आ गये। लोगों ने उस समय यह कहा कि अब उनकी पारी ऐंड हो गई है मगर नरेन्द्र कश्यप वो योद्धा बनने जिन्होंने इस पूरे गेम को पलट दिया। नरेन्द्र कश्यप के सियासी फोकस की बात करें तो वो अति पिछड़ों के नेता के रूप में खुद को स्थापित कर पायें है। उनकी सियासी विचारधारा हमेंशा से अति पिछडों और खास तौर से कश्यप समाज के इर्द गिर्द रही है।

अति पिछडों के कल्याण को लेकर उन्होंने काम किया है और ये मानना हो कि वो गाजियाबाद में रहने वाले उत्तर प्रदेश के एक ऐसे नेता हैं जो महर्षि कश्यप जयंती पर हर वर्ष एक बड़ा आयोजन करते हैं और वो इस आयोजन में हजारो की भीड को जोड लेते हैं। किसी भी कार्यक्रम में ये आसान बात नहीं होती है। लेकिन नरेन्द्र कश्यप ऐसा कर साल करते हैं। शायद यही वजह है कि पार्टी में भी इस लीडर को एक बड़े लीडर के रूप में कंसीडर किया है।भाजपा में आने के बाद उन्हें ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कमान सौंपी गई। सरकार में उन्हें दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनाया गया। नरेन्द्र कश्यप अपने समाज और अति पिछड़ों के सियासी गोल को भाजपा की राजनीतिक विचारधारा से जोड़ कर साध रहे हैं। उनका विजन स्पष्ट है। बड़ी बात ये है कि वो लगातार मेहनत करते हैं। सियासत में जब कोई जनप्रतिनिधि बन जाता है, मंत्री बन जाता है तो उसे लगता है कि लक्ष्य पूरा हो गया। लेकिन अगर नरेन्द्र कश्यप की सियासी यात्रा को देखेंगे तो वो इस यात्रा को अनवरत जारी रखे हुए हैं। वो इस मिशन में खुद को सबसे आगे रखते हैं और फिर एक बार उन्होंने रामलीला मैदान में अपनी ताकत का जलवा दिखाया। एक सफल कार्यक्रम आयोजित कराया। एक शानदार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और नरेन्द्र कश्यप अपनी परम्परा को कायम रखने में सफल हुए। जहां तक भीड का सवाल है तो भीड केवल वो नहीं थी जो सामने कुर्सियों पर थी भीड वो भी थी जो मैदान के आास पास घूम रहे है। भीड वो भी थी जो दायें खडे हैं बाये खड़े हैं और पूरे मैदान में चारो ओर उनके लोग थे। ये सफलता इसलिए भी उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को आना था। लेकिन किसी वजह से वो नहीं आये। तब ये माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री का क्रेज है तो उनके ना आने पर शायद भीड़ कम होगी। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। ये कश्यप समाज के लोग थे और ये अपने हर वर्ष के कश्यप महाकुंभ में आये थे।

यही वजह भी रही कि जब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने माईक संभाला तो काफी देर तक उन्होंने मंच से सम्बोधित किया। सभी जनप्रतिनिधि रहे और ये सियासी तथ्य है कि जब नेता मंच पर और सामने भीड हो तो फिर संबोधन का अलग ही आनंद है। मंच पर नेता थे और सामने भीड थी तो सबने संबोधन का आनंद लिया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने एक बार फिर से खुद को साबित किया।

## संपादकीय

# प्रत्यक्ष बहिष्कार का नकारात्मक आहवान

अ सन 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति का युद्ध भारतीय सेना ने लड़ा था और पाकिस्तान के 90,000 से अधिक फौजियों को आत्म-समर्पण के लिए विवश किया था। मुक्ति-संग्राम के दौरान शेख मुजीबुर्रहमान को भारत ने ही संरक्षण दिया था। जब बांग्लादेश बनने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति शेख मुजीब और परिजनों के कत्ल किए गए थे, तब मौजूदा प्रधानमंत्री हसीना को भी भारत ने ही शरण देकर उनकी जान बचाई थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद बुनियादी, मानसिक और सैद्धांतिक रूप से भारतवादी हैं। वैसे भी ढाका और दिल्ली के सांस्कृतिक और कारोबारी रिश्ते ब्रिटिशकालीन हैं। चूंकि शेख हसीना एक बार फिर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी गई हैं, अवाम ने कट्टरपंथी, दहशतगर्द ताकतों को खारिज कर जनादेश दिया है कि उन्हें जेल में ही साडियां दें, लिहाजा भारत पर तोहमतें चस्पा की जा रही हैं कि हसीना को चुनाव जिताने में भारत सरकार की दखल भूमिका रही है। यह सरासर गलत है। भारत ने तो तब भी बांग्लादेश की अंदरूनी सियासत में हस्तक्षेप नहीं किया था, जब वहां सैन्य वर्चस्व बढ़ रहा था। अब विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना का है, लेकिन अभियान बॉयकॉट इंडिया का छेड़ रखा है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार किया जाए, विपक्ष की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारत के प्रत्यक्ष बहिष्कार का नकारात्मक आह्वान कर रखा है। यह घोर निंदनीय है। लगता है बीएनपी के नेता और काडर को इतिहास की जानकारी नहीं है और न ही उन्हें बांग्लादेश के अस्तित्व के लिए भारत के आर्थिक और सामरिक सहयोग का एहसास है। वैसे बीएनपी के भारत-बहिष्कार का मुंहतोड़ जवाब प्रधानमंत्री हसीना ने विपक्ष को दिया है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को कहा है कि वे अपनी पत्नियों की साडियां जलाएं। उनकी पत्नियों के पास कितनी साडियां हैं और उन्होंने अभी तक उन्हें आग के हवाले क्यों नहीं किया? प्रधानमंत्री हसीना ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी को चुनौती दी है, जब विपक्षी नेता अपनी पत्नियों की भारतीय साडियां अपने पार्टी दफ्तर के सामने जलाएंगे, तब यह साबित होगा कि वे वाकई भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का गंभीर आरोप है कि जब बीएनपी सत्ता में थी, तो उनके नेता और पत्नियां भारत जाते थे। वहां से साडियां खरीद कर लाते थे और बांग्लादेश में लौट कर साडियां बेचा करते थे। अब बीएनपी नेताओं को भारतीय उत्पादों पर क्या कहना है? दरअसल भारत से गरम मसाला, प्याज, लहसुन, अदरक और लगभग सभी मसाले बांग्लादेश को भेजे जाते रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का सवाल है कि क्या भारतीय मसाले बीएनपी नेताओं के घरों में नहीं दिखेंगे? अथवा बीएनपी नेता और उनके परिवार इन मसालों के बिना ही भोजन खाएंगे? भारत के ढेरों उत्पाद बांग्लादेश में आते हैं, किस-किस का बहिष्कार किया जाएगा? दरअसल यदि बांग्लादेश चाहे, तो भी भारत का बहिष्कार नहीं कर सकता, क्योंकि वहां भारतीय उत्पादों की भरमार है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार व्यावहारिक और सैद्धांतिक तौर पर भी अनुचित है।

# ट्रंप के टैरिफ से बाजार तार-तार, वैश्विक मंदी के डर से डॉव समेत सभी सूचकांकों पर बिकवाली हावी

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के वित्तीय बाजारों में बिकवाली शुक्रवार को और भी अधिक भयावह स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के खतरे चीन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बाद शुक्रवार को डॉव में 2,231 अंक या 5.5% की गिरावट आई। व्यापक एसएंडपी 500 में 5.97% की गिरावट आई। तकनीक-प्रधान नैस्डैक कंपोजिट में में भी 5.82% की गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक कंपोजिट में 5.5% की गिरावट दर्ज की गई। कोविड संकट के बाद बाजार में सबसे अधिक गिरावट दिखी। अमेरिकी में नौकरियों से जुड़े आंकड़े संतोषप्रद रहने के बावजूद बाजार को इसका कोई फायदा नहीं मिल सका।



### रोजगार के बेहतर आंकड़े भी नहीं पाट सके बाजार का नुकसान

शुक्रवार की सुबह जारी अमेरिकी नौकरियों की रिपोर्ट के बाद बाजारों ने कुछ हद तक अपने नुकसान की भरपाई की। हालांकि, बाजार निवेशकों का भरोसा हासिल करने में असफल रहा। अमेरिकी नौकरी बाजार 2025 की शुरूआत तक अपेक्षाकृत ठोस बना हुआ है। हालांकि, बाजार इन आंकड़ों का फायदा नहीं उठा सका। नैस्डैक 2022 के बाद पहली बार मंदी के दौर में बंद हुआ, जो दिसंबर में अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 20% से अधिक नीचे था। डॉव दिसंबर के अपने रिकॉर्ड हाई से 10% से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। सीएफआरए रिसर्च के मुख्य निवेश रणनीतिकार सैम स्टोवल के अनुसार, 7 मार्च, 2022 के बाद से पहली बार डॉव इतनी बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कोविड-19 महामारी की शुरूआत के समय यानी मार्च 2020 के बाद से डॉव ने अपना सबसे बड़ा बैक-टू-बैक घाटा दर्ज किया।

### एसएंडपी 500 का मार्केट कैप 5.06 ट्रिलियन डॉलर कम हुआ

एसएंडपी डॉव जोन्स इंडेक्स के वरिष्ठ सूचकांक विश्लेषक हॉवर्ड सिल्वरब्लैट के अनुसार, पिछले दो दिनों में एसएंडपी 500 के बाजार मूल्य में 5.06 ट्रिलियन डॉलर की गिरावट आई। सूचकांक दो दिनों में 10% से अधिक गिर गया। निवेशकों को डर है कि व्यापार युद्ध में नाटकीय वृद्धि से अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी में जा सकती है। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था और व्यापक वैश्विक अर्थव्यवस्था दोनों के इस साल मंदी में डूबने की 60% आशंका है। विश्लेषकों के अनुसार अगर अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ दुनियाभर के देश जवाबी कार्रवाई शुरू करते हैं तो मंदी की आशंका बढ़ जाएगी। दूसरी ओर चीन ने शुक्रवार जवाबी टैरिफ का एलान कर दिया।

ब्लैकरॉक के वैश्विक निश्चित आय के मुख्य निवेश अधिकारी रिक रीडर ने कहा, दुनिया बदल गई है और आर्थिक स्थितियां भी बदल गई हैं। थॉर्नबर्ग इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट में इक्विटी के प्रमुख मैट बर्डेट ने कहा, अगर टैरिफ की दरें अंतिम हैं, तो वैश्विक खपत और व्यापार पर संभावित प्रभाव को देखते हुए बाजार वास्तव में कम प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# नए यूएस टैरिफ जोखिमों के बीच सरकार घरेलू फार्मा निर्यातकों से कर रही बातचीत

**नई दिल्ली।** अमेरिका से संभावित नए टैरिफ जोखिमों के बीच वाणिज्य मंत्रालय देश के फार्मा निर्यातकों से बातचीत कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के पहले चरण में फार्मा सेक्टर को बाहर रखा गया है। फार्मा सेक्टर और सरकार के बीच बातचीत ऐसे समय पर शुरू हुई है, जब हाल ही में (अमेरिकी समय के अनुसार गुरुवार को) ट्रंप ने अमेरिका में फार्मास्यूटिकल आयात पर टैरिफ लगाने का संकेत दिया है।



हालांकि, टैरिफ में मामूली बढ़ोतरी से कोई खास असर नहीं होगा, लेकिन टैरिफ में बड़ी बढ़ोतरी से भारतीय दवा निमार्ताओं के लाभ मार्जिन को नुकसान पहुंच सकता है। अमेरिका भारत के फार्मास्यूटिकल निर्यात के लिए एक प्रमुख बाजार है। अमेरिका में उपयोग होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 प्रतिशत आपूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है। एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को होने वाले सालाना भारतीय फार्मा निर्यात की वैल्यू करीब 9 अरब डॉलर है। टैरिफ में कोई भी तेज वृद्धि न केवल भारतीय निर्यातकों को प्रभावित कर सकती है, बल्कि अमेरिकी उपभोक्ताओं पर भी इसका सीधा असर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हाल ही में कई सेक्टरों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया गया है। इसमें सभी आयातित कारों और हल्के ट्रकों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अन्य आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत न्यूनतम टैरिफ शामिल है। अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार स्थिति का बारीकी से आकलन कर रही है और संभावित प्रभाव को समझने एवं जोखिम कम करने के तरीकों का पता लगाने के लिए निर्यातकों के साथ मिलकर काम कर रही है। ट्रंप के ताजा बयान ने भारतीय फार्मा कंपनियों को चिंतित कर दिया है, जिनमें से कई अपने कारोबार के लिए अमेरिकी बाजार पर काफी हद तक निर्भर हैं।

# पांच दिन बाद सोने की कीमत में 1350 की गिरावट, चांदी की कीमत भी 5000 घटी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में भारी कमी दर्ज की गई। एक तरफ सोना जहां 1350 रुपये गिरकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, वहीं दूसरी तरफ से चांदी की कीमत में 5000 रुपये की गिरावट देखी गई है। वहीं एक दिन पहले गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला यह कीमती धातु 200 रुपये चढ़कर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया था।

### 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया सोना

पांच दिन की तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,350 रुपये गिरकर 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि गुरुवार को इसका बंद स्तर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए टैरिफ लागू किए जाने के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, 'निवेशकों ने अपना ध्यान वैश्विक व्यापार गतिशीलता और संभावित आर्थिक नतीजों पर केंद्रित कर दिया है, जो विकास को प्रभावित कर सकते हैं और कारोबारी धारणा को कमजोर कर सकते हैं।'



### चांदी 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची

चांदी की कीमतों में भी 5,000 रुपये की गिरावट आई है, जो चार महीनों में सबसे बड़ी गिरावट है और यह 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। पिछले बाजार बंद होने पर यह सफेद धातु 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतें एक सप्ताह में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं, जबकि चांदी पांच सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गई है।

मेहता इक्विटीज के वाइस प्रेसिडेंट कमोडिटीज राहुल कलंत्री ने कहा, 'हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दोनों धातुओं ने शुरुआत में तेजी पकड़ी, लेकिन बाद में वैश्विक इक्विटी में व्यापक बिकवाली के कारण वे पीछे हट गए।' वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 21.74 डॉलर या 0.70 प्रतिशत गिरकर 3,093.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। एशियाई बाजारों में हाजिर चांदी 1.69 प्रतिशत गिरकर 31.32 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

# विनिर्माण हब बनेगा भारत, बड़े स्तर पर वैश्विक कंपनियां आएंगी, अमेरिकी टैरिफ देश के लिए आपदा में अवसर

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से 26 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बावजूद भारत दुनिया के प्रमुख लाभार्थियों की तुलना में शीर्ष पर रहेगा। इससे एक तो भारत को विनिर्माण में अपनी महारत हासिल करने में मदद मिलेगी। दूसरे, वैश्विक स्तर पर वे कंपनियां भारत की ओर रुख कर सकती हैं जो अमेरिका और चीन के साथ वियतनाम जैसे देशों के भारी टैरिफ से जूझ रही हैं।



वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर जो टैरिफ दर लगाई है, वह दर अन्य वैश्विक व्यापारिक भागीदारों पर लगाए गए भारी जुमार्ने की तुलना में मामूली है। यह अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य रणनीतियों के पुनर्मूल्यांकन के बीच वैश्विक व्यापार गतिशीलता में भारत की बढ़ती अनुकूल स्थिति को रेखांकित करता है। यह दशार्ता है कि बातचीत के चैनल खुले हैं। यह सतर्क निष्पादन वैश्विक व्यापार भावना में नए व्यवधानों के बजाय रचनात्मक विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। ट्रंप की टैरिफ रणनीति अमेरिका में मांग को झटका दे सकती है। इससे वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि हो सकती है। निर्यात बढ़ाने का मौका भारत को निर्यात क्षमता बढ़ाने का अवसर कोविड-19 संकट के विपरीत, जिसने मांग और आपूर्ति दोनों को एक साथ झकझोर दिया, मौजूदा स्थिति आपूर्ति संचालित है।

### भारत पर कम टैरिफ से चीन को ज्यादा घाटा

भारत पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ से चीन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। चीन और वियतनाम में एपल या जो बड़ी कंपनियों के कांट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर हैं, वे अब भारत का रुख कर सकते हैं। इससे भारत को विनिर्माण तंत्र खड़ा करने में मदद मिलेगी। ट्रंप से पहले बाइडेन प्रशासन ने भी चीन से बाहर विनिर्माण की पहल की थी। यह रुझान और तेज होगा। भारत का वर्तमान निर्यात 750-800 अरब डॉलर है और चीन का 3.3 लाख करोड़ डॉलर। इस स्थिति में भारत के पास वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 1910 में गेंद के मैदान के ऊपर से जाने पर 6 रन दिए गए।
- 1928 में वेस्ट इंडीज की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1932 भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1952 पाकिस्तान की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- ब्रॉयन लारा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाये। 400 इंग्लैंड के खिलाफ।
- ऑस्ट्रेलिया सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप जीतने वाला देश है।
- वर्ल्ड कप में गेंद का रंग लाल होता था परन्तु 1992 के वर्ल्ड कप में गेंद का रंग सफेद कर दिया गया।
- वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं।
- 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया। यह मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच में खेला गया जिसमे ऑस्ट्रेलिया की जीत हुई।
- 1880 में इंग्लैंड में पहला टेस्ट मैच खेला गया, जिसमे इंग्लैंड की जीत हुई। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के साथ खेला गया।
- 1889 में साउथ अफ्रीका की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।

## राशिफल

**मेष:** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी।

**वृष:** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन:** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच?छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क:** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है।

**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी।

**कन्या:** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें।

**तुला:** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है।

**धनु:** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें।

**मकर:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे।

**कुंभ:** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग व्यक्ति - बेटा कैसे हो।
बच्चा - ठीक हूं
बुजुर्ग - पढ़ाई कैसी चल रही है?
बच्चा - बिलकुल आपकी जिंदगी की तरह.!
बुजुर्ग - मतलब?
बच्चा - भगवान भरोसे.!!

---

पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गई
और तू यहीं पर बैठा है'.
बंटू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया।

---

गटरू- एक किलो शक्कर देना
दुकानदार- ठीक है देता हूं अभी
दुकानदार- और क्या चाहिए
गटरू- कुछ नहीं बस इतना ही दे दो
दुकानदार- हमारे पास सब कुछ मिलता है
गटरू- सरकारी नौकरी लगवा दो फिर...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आरकेजीआईटी में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'तत्व 2025' का शानदार समापन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मेरठ रोड गाजियाबाद स्थित राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में दो दिन से चल रहे फेस्ट तत्व-2025 का शानदार तरीके से समापन हुआ। दो दिन तक चलने वाले उत्सव में एक से एक बढ़कर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान के छात्र छात्राओं के अतिरिक्त, 15 अन्य संस्थानों से आए हुए 1500 छात्र छात्राओं ने कल्चरल, लिटरेरी, हॉबी एवं स्पोर्ट्स के अनेकों प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बाहर से आए हुए आगंतुकों ने आरकेजीआईटी कॉलेज में आयोजित हुए सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की ।





प्रमुख प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा - नुक्कड़ नाटक में आरकेजीआईटी, ग्रुप डांस में ए डी जी आई पी एस दिल्ली, इंग्लिश डिबेट में आरकेजीआईटी, बॉलीबॉल बॉयज में आरकेजीआईटी, बॉलीबॉल गर्ल्स में एस आर एम, बैडमिंटन में काइट कॉलेज विजयी रहा। सभी प्रतियोगिताओ के विजेताओं को मुख्य अतिथि गंभीर सिंह (ए डी एम सिटी, गाजियाबाद) ने पुरुस्कार, ट्रॉफीज और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा संस्थान के मेधावी विद्यार्थियों को रु 75,000, रु 51,000 व रु 5,100 के नकद पुरुस्कार भी दिए गए। दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम को संस्थान की 'स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल' के बैनर तले आयोजित किया गया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने बाहर से आए हुए सभी गेस्ट, प्रेस- मीडिया से आए हुए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल के अध्यक्ष आलोक त्यागी व उनकी टीम के सदस्यों प्रिया शर्मा, विकास त्यागी, वैभव शर्मा, डॉ गरिमा गर्ग, मानस त्रिपाठी, नीना शर्मा, सौरभ सिंह, मिस शमीर्ला, प्रशांत राठी को कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन पर बधाई दी।

# जनपद में धूमधाम से मनायी गई चैत्र नवरात्रि

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** चैत्र नवरात्रि/रामनवमी के अवसर पर जनपद गाजियाबाद में शासनादेश व जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपदवासियों ने जनपद के विभिन्न मंदिरों में कीर्तन, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दुर्गा पाठ, रामायण पाठ, अखण्ड रामायण पाठ सहित विभिन्न स्थानों पर भण्डारें का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर जनपद के प्रसिद्ध मंदिरों में देवी मंदिर में कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी, श्रीदुर्गा मंदिर तहसील कम्पाउंड में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, श्रीठाकुर द्वारा मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर, खोडा–मकनपुर, डासना, पतला, निवाड़ी, फरीदनगर सहित पूरे जनपद भक्तिमय रहा। जनपद के छोटे–छोटे मंदिरों, घरों में दुर्गा पाठ व रामायण पाठ किया गया साथ ही विभिन्न स्थानों पर भण्डारें का आयोजन भी किया गया।









# कुलदीप सिंह का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल के लिए चयन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के खिलाड़ी का कुलदीप सिंह, जो डॉ राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी अयोध्या में एम.पी.एड (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन) के छात्र हैं, का चयन आगामी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में ड्रॉप रोबॉल के लिए हुआ है। यह टूनार्मेंट 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। कुलदीप सिंह ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और कठिन परिश्रम के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले, उन्होंने राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता अनेक पदक जीतकर अपने जिला, राज्य व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर कुलदीप सिंह ने कहा कि मैं इस अवसर से बहुत उत्साहित हूं और अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य पाकर गर्व महसूस कर रहा हूं।



# अर्जेंटीना विश्व कप में सिफ्त ने भारत को दिलाया पहला स्वर्ण, पदक तालिका में अभी शीर्ष पर चीन

**भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) के फाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्वर्ण पदक जीता। यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है**



**नई दिल्ली ।** वहीं, यह अर्जेंटीना विश्व कप में भारत का पहला स्वर्ण पदक भी है। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन कोई पदक नहीं जीत पाया था, लेकिन अब उसके नाम पर एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक है और वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। भारत के लिए कांस्य पदक पुरुष थ्री पोजिशन में चैन सिंह ने जीता था। चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ शीर्ष पर है फरीदकोट की रहने वाली 23 वर्षीय सिफ्त ने शुक्रवार देर रात टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सत्र के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफ्त ने 458.6 का स्कोर बनाया सिफ्त 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अरीना अल्तुखोवा 445.9 के स्कोर के साथ 44वें शॉट के बाद बाहर होकर तीसरे स्थान पर रहीं। सिफ्त ने क्वालिफाइंग में 590 का स्कोर बनाकर पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। स्विट्जरलैंड की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चियारा लियोन और पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सकीं। ये भी पदक की दौड़ में कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रिया ले और अमेरिका की मैरी टकर जैसी ओलंपिक पदक विजेता भी क्वालिफाइंग की बाधा पार नहीं कर सकी। पुरुषों और महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिताओं में क्वालिफिकेशन के चार राउंड खेले गए हैं जिसमें पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे हैं। अभी इस स्पर्धा का एक और राउंड खेला जाना बाकी है। जिसके बाद फाइनल होगा। रायजा क्रमशः 25, 22, 24 और 23 राउंड के बाद 94 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं, जो कि अंतिम क्वालिफाइंग स्थान है।

## विश्व मुक्केबाजी कप में जामवाल 65 किग्रा के फाइनल में, इटली के मुक्केबाज को हराया



**नई दिल्ली ।** भारत के अविनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली के जियानलुइगी मलंगा को हराकर ब्राजील के फोज डो इगुआकु शहर में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 65 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

इस 22 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपनी लंबाई और गति का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने 5झ्र0 के सर्वसम्मत मतों से जीत हासिल की। पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 अंक दिए।

जामवाल इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले गुरुवार को हितेश 70 किग्रा भार वर्ग में फ्रांस के ओलंपियन माकन ट्राओरे को हराकर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। फाइनल में हितेश का मुकाबला इंग्लैंड के ओडेल कामारा से जबकि जामवाल का स्थानीय खिलाड़ी यूरी रीस से होगा।

# ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी की चोट से उबरे धोनी को कप्तानी करते नहीं देख सके प्रशंसक

**चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)** के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी की चोट से उबर गए हैं और वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में खेल रहे हैं। दरअसल, गायकवाड़ को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में चोट लगी थी और दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले तक उनका खेलना तय नहीं माना जा रहा था। ऐसे में फैंस को उम्मीद थी कि गायकवाड़ की अनुपस्थिति में महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर टीम की कप्तानी करते दिख सकते हैं। हालांकि, गायकवाड़ के मैच में खेलने से फैंस धोनी को कप्तानी करने नहीं देख पाए। दिल्ली ने जीता टॉस दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने सीएसके के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। सीएसके के लिए राहत की बात यह है कि उसके नियमित कप्तान फिट हो गए हैं और इस मुकाबले में खेल रहे हैं। दिल्ली ने इस मुकाबले के लिए एक बदलाव किया है और फाफ डुप्लेसिस की जगह समीर रिजवी को अंतिम एकादश में शामिल किया है। डुप्लेसिस फिट नहीं होने के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। सीएसके ने इस मैच के लिए दो बदलाव किए हैं। जैमी ओवरटन की जगह डेवोन कॉनवे को लिया गया है, जबकि राहुल त्रिपाठी के स्थान पर मुकेश चौधरी को जगह मिली है।



दिल्ली के खिलाफ मैच से एक दिन पहले सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने इस बात की पुष्टि की थी कि गायकवाड़ की फिटनेस का आकलन शुक्रवार को किया गया था, लेकिन उनके मैच में खेलने पर अंतिम फैसले मैच के दिन हुआ। हसी से यह पूछा गया था कि अगर ऋतुराज फिट नहीं हो सके तो क्या टीम किसी कार्यवाहक कप्तान के बारे में सोच रही है ? इस हसी ने संकेत दिए थे कि विकेट के पीछे एक 'युवा' खिलाड़ी शनिवार के मैच में कप्तानी कर सकता है। हसी का इशारा धोनी की तरफ था जिससे फैंस को लग रहा था कि धोनी दिल्ली के खिलाफ कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, इसकी जरूरत ही नहीं पड़ी।

# सीईटी को हराकर आईपीएस टीम ने जीती ट्रॉफी, एसआरएमएस इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन

**बरेली ।** बरेली के एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में चार दिवसीय एसआरएमएस इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूनार्मेंट का शुक्रवार को समापन हुआ। मुकाबले में एसआरएमएस आईपीएस ने एसआरएमएस सीईटी को 39 रनों से मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

फाइनल मुकाबला सीईटी (कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) और आईपीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल) की टीमों के बीच हुआ। इसमें सीईटी के कप्तान रोहित गंगवार ने टॉस जीतकर आईपीएस को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आईपीएस ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 149 रन बनाए। इसमें कैफ जूनियर ने 27 रन, कप्तान कैफ ने 30 रन बनाए।

जीत के लिए 150 रनों का पीछा करने उतरी सीईटी की आधी टीम महज 11 ओवरों में 41 रनों पर पवेलियन लौट गई। सीईटी की पूरी टीम 18.2 ओवरों में 110 रन ही बना सकी। नतीजा आईपीएस ने 39 रन से फाइनल मैच जीत कर एसआरएमएस इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूनार्मेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सीईटी की ओर से आकाश ने नाबाद 26 रन, हर्षित शर्मा ने 18 रन रन बनाए।

फाइनल मैच में चार विकेट लेने वाले आईपीएस के गेंदबाज फरमान मैन ऑफ द मैच बने। टूनार्मेंट के चार मैच में 85 रन बनाने के साथ-साथ नौ विकेट लेने वाले सीईटी के खिलाड़ी सूर्य प्रताप सिंह को मैन ऑफ द टूनार्मेंट की ट्रॉफी प्रदान की गई। चार मैच में 102 रन बनाने वाले आईपीएस के बल्लेबाज मो. कैफ को बैट्समैन आफ द टूनार्मेंट, चार मैच में 11 विकेट लेने वाले सीईटी के गेंदबाज मो. अदनान अंसारी को बॉलर ऑफ द टूनार्मेंट के खिताब से नवाजा गया। जबकि चार मैचों में छह कैच लेने वाले पैरामेडिकल के फरमान को फील्डर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब दिया गया।




टूनार्मेंट में एसआरएमएस ट्रस्ट के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी), इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस), इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल (आईपीएस) की टीमों के साथ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (सीईटीआर) व कॉलेज ऑफ नर्सिंग की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया था। टूनार्मेंट में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, आईएमएस के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आईपीएस की प्रिंसिपल डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. सोवन मोहंती, मेडिकल कॉलेज के डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार, आईपीएस के डीएसडब्ल्यू डॉ. शिवांग चौधरी, क्रिकेट कोच मनीष सिंह, अनुज शर्मा, यूसुफ अंसारी, नितिन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# पाकिस्तानी ऑलराउंडर खुशदिल शाह ने खोया आपा प्रशंसक पर किया हमला, सुरक्षाकर्मियों ने किया बीच-बचाव

**पाकिस्तान ।** पाकिस्तान क्रिकेट की हालत दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। एक तरफ टीम को हर मुकाबले में हार का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी तरफ उनके खिलाड़ी अपना आपा खोते जा रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिनको साझा करते हुए प्रशंसकों ने दावा किया है कि खुशदिल शाह का फैंस के साथ झगड़ा हो गया।



## मैच के बाद प्रशंसकों से भिड़े खुशदिल शाह

दरअसल, पाकिस्तान की टीम इन दिनों न्यूजीलैंड के दौरे पर है। शुक्रवार को दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला गया जिसमें न्यूजीलैंड ने उन्हें 84 रन से रौंदकर 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। इस हार के बाद बौखलाए पाकिस्तानी ऑलराउंडर खुशदिल शाह फैंस से उलझ गए। बात इतनी बढ़ गई कि सुरक्षाकर्मियों को बीच-बचाव के लिए आना पड़ा।

## न्यूजीलैंड में पाकिस्तान का बुरा हाल

वनडे विश्व कप 2023, टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खराब प्रदर्शन के बाद अब न्यूजीलैंड दौरे पर भी पाकिस्तान का बुरा हाल हुआ है। न्यूजीलैंड के दौरे पर गई पाकिस्तान टीम को टी20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करने के बाद अब वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा है। शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 43 रन से हरा दिया। जीत के लिए 42 ओवर में मिले 265 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान की टीम 40 ओवर में 221 रन पर सिमट गई। टी20 सीरीज में 4-1 से हारा था पाकिस्तान सलमान अली आगा के नेतृत्व में पाकिस्तान की टीम ने तीसरा टी20 नौ विकेट से जीता था और वह भी रिकॉर्ड के साथ, लेकिन इससे पहले और इसके बाद टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। न्यूजीलैंड ने पहला टी20 नौ विकेट से, दूसरा टी20 पांच विकेट से, चौथा टी20 115 रन से और पांचवां टी20 आठ विकेट से अपने नाम किया था। इसके बाद वनडे सीरीज में भी कीवियों का बोलबाला रहा। माइकल ब्रेसवेल के नेतृत्व में एक नई कीवी टीम ने पहले वनडे में पाकिस्तान को 73 रन से, दूसरे वनडे में 84 रन से और तीसरे वनडे में 43 रन से हरा दिया। तीसरे वनडे के दौरान इमाम उल हक के चेहरे पर गेंद लगी और उन्हें एंबुलेंस से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। इसके बाद उन्हें चेकअप के लिए अस्पताल में भर्जी कराया गया है। वहीं, पाकिस्तान की पारी के दौरान मैदान में अंधेरा भी छा गया था।

# निशानेबाजी विश्व कप के दौरान भारत के नीरज कुमार को दिखाया पीला कार्ड



**नई दिल्ली ।** ब्यूनस आयर्स में चल रहे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के दौरान एक अजीब स्थिति उत्पन्न हुई जब भारत के पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन निशानेबाज नीरज कुमार को पीला कार्ड दिखाया गया। नीरज को पीला कार्ड उस वक्त दिखाया जब वह फाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। जूरी ने उनके फायरिंग स्टेशन पर उनसे संपर्क किया और पीला कार्ड दिखाया जिससे यह 25 वर्षीय निशानेबाज हैरान हो गया। निशानेबाजी में नियमों के पहले उल्लंघन के लिए पीला कार्ड जारी किया जाता है जैसे रेंज उपकरण में हस्तक्षेप करना या बिना आदेश के हथियार लोड करना।

# रेलवे बोर्ड सदस्य बाल किशन गुप्ता के यहां हुआ भंडारे का आयोजन








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। व्यापारी नेता तथा रेलवे बोर्ड सदस्य बाल किशन गुप्ता बालू के यहां अष्टमी पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया उनके कवि नगर स्थित आवास पर भंडारा आयोजित हुआ इस भंडारे में समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।**

# गोल्फ लिंक लैंडक्राफ्ट में माता की चौकी का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार की सायंकाल गोल्फ लिंक लैंडक्राफ्ट गाजियाबाद में फ्रेंड्स क्लब द्वारा भव्य माता रानी की विशाल चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली से आए प्रसिद्ध भजन गायकों की युगल जोड़ी साक्षी और साहिल के भजनों पर उपस्थित भक्तों ने देर रात्रि तक आनन्द लिया। कृष्ण राधा मां काली और विक्की हनुमान की झांकियों ने उपस्थित असंख्य महिला पुरुष भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सेवा निवृत्त डी0एस0पी0- पी पी कर्णवाल, एम सी जोशी, सुशील मिश्रा, गौरव वाष्णे, राजेश मिश्रा, नीलम कर्णवाल, भावना विष्ट, कविता सैनी, लविना विष्ट, प्रीति खट्टर आदि असंख्य महिला, पुरुष भक्तों की उपस्थिति रही।

## नवरात्र में गोवंशी की हत्या से तनाव

### सारा गांव में मिले गोवंशी के अवशेष हिंदू संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के सारा गांव में शनिवार को गोवंशी की हत्या का मामला सामने आया है। निवाड़ी थाना क्षेत्र स्थित एक आम के बाग में दोपहर तीन बजे गोवंशी के अवशेष मिले। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल और हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मोदीनगर-सारा रोड पर स्थित किसान प्रियांशु त्यागी के आम के बाग में कामगारों को गोवंशी के अवशेष मिले। मौके पर खून के निशान भी पाए गए। पशु चिकित्सक की जांच में पुष्टि हुई कि अवशेष गोवंशी के हैं। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों का आरोप है कि नवरात्र के दौरान यह घटना माहौल बिगाड़ने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर निकलने वाली हिंदू यात्रा से पहले असामाजिक तत्वों ने यह कृत्य किया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने अवशेषों को गड्ढा खोदकर दफनाया। घटनास्थल पर नीरज शर्मा, मधुर नेहरा, शुभम हिंदू, रजत अमराला और निशांत त्यागी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आग बुझाने का नया सिस्टम, 29.48 करोड़ की लागत से खरीदे जाएंगें रोबोट समेत 100 आधुनिक उपकरण



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में जल्द ही आग बुझाने का आधुनिक सिस्टम तैयार होगा। प्राधिकरण ने अग्निशमन विभाग को नए उपकरणों से लैस करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना में रोबोट फायर समेत 14 श्रेणियों के करीब 100 उपकरण शामिल हैं। प्राधिकरण बोर्ड ने 29 मार्च को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन उपकरणों की खरीद पर 29.48 करोड़ रुपये खर्च होंगे। खास बात यह है कि रोबोट फायर उन जगहों पर भी आग बुझा सकेगा, जहां अग्निशमन कर्मी नहीं पहुंच पाते। इससे अग्निशमन कर्मियों को अपनी जान जोखिम में डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह कदम उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के 16 जनवरी 2025 के निर्देश पर उठाया गया है। ग्रेटर नोएडा में बड़ी संख्या में हाईराइज बिल्डिंगें हैं। साथ ही घनी आबादी वाले क्षेत्र और गांवों में संकरे रास्ते भी हैं। इन स्थानों पर आग लगने की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब उपकरणों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए जल्द ही अग्निशमन विभाग और प्राधिकरण की एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा।

वहीं फोम टेंडर से केमिकल्स और अन्य तरल पदार्थों में लगी आग से निपटने में कारगर होगा। हाईराइज फायर फाइटिंग व्हीकल 120 मीटर तक की ऊंचाई होने पर आगजनी से निपटने के लिए 150 बार प्रेशर के साथ पानी की आपूर्ति करने में सक्षम है। इसी तरह वाटर टेंडर के जरिए 80 मीटर तक बहुमंजिला इमारतों में लगी आग से निपटने में मदद मिलेगी। ग्रेटर नोएडा में हाईराइज बिल्डिंगों को देखते हुए ये उपकरण बहुत ही उपयोगी हैं। वाटर मिस्ट के जरिए बिजली के ट्रांसफॉर्मर, किचन, गैस सिलेंडर, कार में लगी आग से निपटने में उपयोगी है। कटिंग टूल से आगजनी में फंसे लोगों को बचाने के लिए लोहे को काटने के काम आएगा।

प्रॉक्सिमिटी सूट और केमिकल सूट से तापयुक्त एवं केमिकल की आग से निपटने के लिए इस्तेमाल होगा। कार्बन कंपोजिट सिलेंडर से धुएं युक्त वातावरण में भी फायर कर्मी लंबे समय तक बचाव कार्य कर सकेंगे। एलमोनाइज सूट से 300 डिग्री तापमान होने पर भी रेस्क्यू करने के लिए उपयोगी है। लंबी अवधि तक आगजनी से निपटने के लिए पानी की आपूर्ति करने में वाटर बाउजर ही कारगर है। जंपिंग कुशन के जरिए निकास मार्गों के अवरुद्ध होने पर अंदर फंसे व्यक्तियों को निकालने में उपयोगी है। बिजली के पोल और पानी की टंकी पर चढ़े व्यक्ति को बचाने में भी यह बहुत कारगर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी औपचारिकता पूरी कर इन उपकरणों को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# हिंडन नदी के संरक्षण हेतु हिंडन मंथन कार्यक्रम का सफल आयोजन

## वैज्ञानिक, शोधकर्ता और सामाजिक संगठन जुटे हिंडन नदी को बचाने के साझा संकल्प लें

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्थान समिति द्वारा आयोजित हिंडन मंथन, हिंडन महोत्सव 2025 के अंतर्गत आज दिनांक 5 अप्रैल 2025 को जानकी भवन, कवि नगर, गाज़ियाबाद में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम एक पैनल चर्चा के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से विख्यात पर्यावरणविद, वैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता और नदी संरक्षण विशेषज्ञों ने भाग लिया और हिंडन नदी के पुनर्जीवन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास आधारित समाधानों पर गंभीर और ठोस विचार विमर्श किया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सभी उपस्थित वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से एक श्वेत पत्र तैयार किया। इस दस्तावेज में हिंडन नदी की समस्याएं, कारण, समाधान, तकनीकी सुझाव और नीतिगत अनुशंसाएं विस्तार से शामिल की गई हैं। यह श्वेत पत्र राज्य व केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा, ताकि इसे आधिकारिक नदी संरक्षण योजना में सम्मिलित किया जा सके और हिंडन नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस नीति बनाई जा सके।






### उत्थान समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने कहा : नदी कराह रही है

**करंट क्राइम।** उत्थान समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि हिण्डन को बचाने के लिए सभी संस्थाओं, सरकारी विभागों एवं जनता को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी हिण्डन नदी को बचाया जा सकता है। हिण्डन सहारनपुर में जिस बरसनी झरने से निकलती है वहाँ का पानी भी हमने आज दिखाया की वहां का पानी इतना अधिक स्वच्छ है की उसमे मछलियाँ रह रही हैं और वहाँ रहने वाली वन गुर्जर आदिवासी जनजाति के लोग इसी जलधारा से अपना जीवन यापन कर रहे हैं वहीं गाजियाबाद और नोएडा में इस नदी का पानी इतना अधिक दूषित है की इसमें बीओडी (बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड) जीरो होने की वजह से इसमें जलीय जीव जंतु भी नहीं हैं। क्योंकि यह उनके रहने लायक नहीं बची है। गंदे नालों एवं अतिक्रमण ने नदी की यह हालत कर दी है की नदी कराह रही है।



### ड्रोन सर्वेक्षण : पहली बार हिंडन की असली तस्वीर सामने

**करंट क्राइम।** उत्थान समिति और सेंटर फोर वाटर पीस के संयुक्त प्रयासों से किया गया ड्रोन सर्वेक्षण कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस सर्वेक्षण के माध्यम से हिंडन नदी के किनारों पर फैले बिना ट्रीटमेंट वाले नालों, औद्योगिक अपशिष्टों के प्रवाह और अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति को दशार्या गया। ड्रोन तकनीक के माध्यम से यह पता चला कि नदी किनारे दर्जनों ऐसे नाले हैं जो सीधे गंदा पानी बिना किसी शोधन के हिंडन में गिरा रहे हैं। यह जानकारी हमें कार्रवाई करने के लिए ठोस आधार देती है।

हिंडन सिर्फ एक जलधारा नहीं, एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है। इसे पुनर्जीवित करने के लिए हमें इसके जीव-जंतुओं, वनस्पतियों और जलचक्र को समझकर समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने इस आयोजन को हिंडन नदी के लिए एक नई शुरूआत बताया और इसे एक जनांदोलन बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण त्यागी, नरेंद्र गुप्ता, महेश चौधरी, अवधेश कटियार, विनीत गोयल, मनोज अग्रवाल, अभिषेक सिंघल, मनोज मिश्रा, अंशुमान सिंह, प्रतीक माथुर, रीना सिंह, जितेंद्र सिंह, बबीता सिंह, लवलीन उपस्थित थे।

# दिल्ली गेट देवी मंदिर में छठे दिन मां कात्यायनी की सैकड़ों भक्तों ने पूजा अर्चना





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्राचीन स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्रीत्रिपुर सुंदरी वाला चतुभुर्जी देवी मंदिर में शनिवार को चैत्र नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की उपासना पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ की जा रही है। वही हिंदूओं की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी दुर्गा के छठे स्वरूप के रूप में पूजी जाने वाली मां कात्यायनी को शक्ति और साहस की देवी माना जाता है। देवी मंदिर में विशेष अनुष्ठान और हवन का आयोजन किया गया मंदिर के महंत गिरिशानन्द गिरि ने बताया कि श्रीमंहत नारायण गिरी श्रीदूधेश्वर नाथ मंदिर एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता पंचदशनाम जूना अखाड़ा के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद से नवरात्रि पर्व पर अलग अलग मंदिरो में नवरात्रि का कार्यक्रम चल रहा है। इसी तरह देवी मंदिर में भी आज छठे दिन मां कात्यायनी की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां कात्यायनी को ऋषि कात्यायन की पुत्री माना जाता है। वे दानवों और राक्षसों का नाश करने वाली देवी हैं।

शिव मंदिर पटेल नगर के महंत विजय गिरी ने कहा कि आज के दिन भक्तगण सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पीले वस्त्र धारण करते हैं और मां कात्यायनी की प्रतिमा की पूजा करते हैं। श्रद्धालु मां कात्यायनी की शहद, फूल, नारियल और मिठाइयों का भोग अर्पित करते हैं। इस दिन के विशेष मंत्र का जाप करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी तरह प्रतिदिन की तरह आज भी शत चण्डी यज्ञ में विद्वान पंडित एवं आचार्य द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ साधु संत एवं भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां दी गई।

## टायर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित एमआरएल टायर फैक्ट्री में रात करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप




धारण कर लिया। फैक्ट्री का आधे से ज्यादा हिस्सा आग की चपेट में आ गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे के अनुसार, सूचना मिलते ही एक दर्जन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की तीव्रता को देखते हुए एक दर्जन और गाड़ियां बुलानी पड़ीं।




## कई एसीपी तलाश रहे हैं नए ठिकाने

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं। जहां पुरुरू अधिकारी बड़ी संख्या में हैं तो कई महिला अधिकारी भी यहां पर महिला सशक्तिकरण का संदेश दे रही हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई बेहद खास तो कई अपना समय काटने वाले भी बताए जा रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में कई एसीपी ऐसे हैं जो अपने नए ठिकानों की तलाश में लगे हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई एसीपी ऐसे हैं जो अपना तीन साल वाला या तो समय पूरा कर चुके हैं या लगभग करीब हैं। इसमें ऐसे एसीपी भी शामिल हैं तो पावरपुल होने के साथ वर्किंग के माहिर भी हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से बीते दिनों एक एसीपी के और कम



होने की सूचना मिली है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि कई एसीपी इन दिनों प्रमुख कार्यक्रमों में लगे हुए हैं ताकि उनपर भी जल्द ही पोस्टिंग के मामले में कृपा वाला सीन हो जाए। वैसे बीते दिनों हुए एक आयोजन में तस्वीरों से साफ नजर आया है कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी से लेकर नदिया पार तक एक एसीपी की वर्किंग इमेज अलग ही बनी हुए है। वहीं अगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन की बात की जाए तो यहां पर आने वाले दिनों में कुछ नए फेस भी दिखाई दे सकते हैं। पुलिस विभाग में तबादलों को लेकर हमेशा अनिश्चितता रहती है और बदलाव कब और कहां हो जाए कहां नहीं जा सकता है। पर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं की बड़ी वाली लिस्ट को लेकर अभी मामला साइलेंट बना हुआ है। वैसे पुलिस महकमें में लंबे समय से पश्चिम से लेकर पूर्व और कमिश्नरेट से लेकर जिलों में जमे अधिकारियों के बदलाव वाली सूचना समय पर निकल पर कर आती है। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ में हुई कई बैठकों में कमिश्नरेट और प्रमुख शहरों के तबादलों की चर्चा बीते दिनों भी हुई थी, पर लिस्ट ना आने से फिर एक बार तबादला एक्सप्रेस चलने का ट्वीस्ट बरकरार चल रहा है। वैसे पहले नवरात्र का वेट की बात चल रही थी, तो वहीं रमजान भी वजह बताया जा रहा था। पर अब देखना होगा कि नवरात्र समाप्ति के बाद क्या सीन और सिचुएशन बनती है। यह देखा जाना खास रहेगा।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने अपने कार्यालय पर मशहूर फिल्म एक्टर मनोज कुमार को उनके चित्र पर माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार का 87 वर्ष की आयु में 4 अप्रैल, 2025 को मुंबई में निधन हो गया। मनोज कुमार को उनकी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था और उन्हें प्यार से भारत कुमार कहा जाता था। मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई, 1937 को एबटाबाद (अब पाकिस्तान में) में हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी के रूप में हुआ था। विभाजन के बाद उनका परिवार दिल्ली आ गया। उन्होंने 1957 में फिल्म फैशन से अपने करियर की शुरूआत की, लेकिन उन्हें पहचान 1965 की फिल्म शहीद से मिली, जिसमें उन्होंने शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई थी। मनोज कुमार ने कई देशभक्ति फिल्मों में अभिनय किया और उनका निर्देशन किया, जिनमें उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970), और क्रांति (1981) प्रमुख हैं। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी के संगठन सुभाष युवा मोर्चा ने सन 2000 में फिल्म एक्टर मनोज कुमार उनकी देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों के लिये नेताजी सुभाष चंद्र बोस रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया था। श्रद्धांजलि देने के बाद संयोजक सतेंद्र यादव ने कहा कि वैसे तो फिल्में मनोरंजन के लिए बनाई जाती हैं लेकिन मनोज कुमार ने इस विधा का प्रयोग देशभक्ति की फिल्में बनाने में किया जिससे देश और समाज में देश भक्ति का प्रचार प्रसार हुआ मनोज कुमार को उनकी देशभक्ति की फिल्मों के लिए सदा याद किया जाएगा। पार्टी के नेता मनोज शर्मा ने कहा कि मनोज कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर फिल्म उपकार बनाई थी। उन्होंने इमरजेंसी के दौरान सरकार का विरोध किया था और अपनी फिल्मों पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ कानूनी लड़ाई जीती थी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में अनिल सिन्हा राम नरेश ठाकुर संजय श्रीवास्तव राजेंद्र यादव सुनील दत्त गोपाल सिंह रोहित प्रिंस विवेक राणा हरीश शर्मा जगदीश गोयल अक्षय कुमार रिंकू नवीन नसरू मलिक आबिद इरशाद, शिव वंश विकास विजय शाहिद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ट्रंप ने अचानक राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख को हटाया व्हाइट हाउस और पेंटागन ने नहीं बताई वजह



**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अचानक राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) के निदेशक और साइबर कमान के प्रमुख जनरल टिम हॉग को पद से हटा दिया। अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों ने यह जानकारी दी**

**वॉशिंगटन ।** व्हाइट हाउस और पेंटागन (रक्षा मंत्रालय) ने इस फैसले के पीछे की कोई वजह नहीं बताई है। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को गुरिवार को बताया गया कि जनरल टिम हॉग को हटा दिया गया है। उन्हें पहले से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई थी। टिम हॉग एक चार-स्टार जनरल हैं और उनका 33 साल का लंबा अनुभव है, खासकर जासूसी और साइबर अभियानों में।

## कई सांसदों ने की ट्रंप के फैसला की आलोचना

इस फैसले को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चिंता जताई जा रही है, क्योंकि इतनी अहम जिम्मेदारी निभा रहे अफसर को बिना कारण हटाया गया है। इस कदम को लेकर कई सांसदों ने कड़ी आलोचना की है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब ट्रंप प्रशासन पर आरोप लग रहा है कि उन्होंने उन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जिन्होंने यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले की योजना पर चर्चा करने के लिए सिग्नल एप्प का उपयोग किया। अभी यह साफ नहीं है कि अब एनएसए और साइबर कमान की जिम्मेदारी किसके पास है। न्यूयॉर्क की कोर्ट में आया अजीबोगरीब मामला, दलील देने के लिए याचिकाकर्ता ने वकील की जगह पेश किया एआई अवतार वेंडी नोबल को भी नागरिक उप प्रमुख के पद से हटाया एनएसए में हॉग के साथ काम करने वाली वेंडी नोबल को भी नागरिक उप प्रमुख के पद से हटाया गया है। एनएसए ने बुधवार देर रात सांसदों और राष्ट्रीय सुरक्षा समितियों से जुड़े सांसदों को अपनी बर्खास्तगी की जानकारी दी, लेकिन कोई कारण नहीं बताया। इस मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी। टिप्पणीकार लौरा ने खुद को दिया फैसले का श्रेय व्हाइट हाउस ने इस बारे में पूछे गए सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया। एनएसए ने हॉग से जुड़े सवाल रक्षा मंत्रालय को भेज दिए, लेकिन शुक्रवार तक वहां से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। दूसरी ओर, दक्षिणपंथी कार्यकर्ता और टिप्पणीकार लौरा लूमर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस फैसला श्रेय खुद को दिया। उन्होंने लिखा कि उन्होंने हॉग के जनरल मिले और पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन से जुड़ाव को लेकर चिंता जताई थी ।

# पापुआ न्यू गिनी में 6.9 तीव्रता का भूकंप पहले सुनामी की चेतावनी जारी हुई




**वेलिंगटन ।** पापुआ न्यू गिनी में शुक्रवार देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, 6.9 तीव्रता के भूकंप के बाद पापुआ न्यू गिनी में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही इसे रद्द कर दिया गया। बताया गया कि शनिवार की सुबह स्थानीय समयानुसार प्रशांत द्वीप राष्ट्र में भूकंप आया। इसका केंद्र 10 किलोमीटर (6 मील) की गहराई में न्यू ब्रिटेन द्वीप पर किम्बे शहर से 194 किलोमीटर (120 मील) पूर्व में था।

## सोलोमन द्वीप के लिए भी अलर्ट जारी

प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप के तुरंत बाद अलर्ट जारी किया। इसके बाद इस अलर्ट को वापस ले लिया गया। अलर्ट में पापुआ न्यू गिनी तटरेखा के कुछ हिस्सों में 1 से 3 मीटर की लहरों की चेतावनी दी गई थी। इसके अलावा पास के सोलोमन द्वीप के लिए 0.3 मीटर की छोटी लहरों के बारे में जारी की गई चेतावनी को भी वापस ले लिया गया।

## द्वीप पर 5,00,000 से ज्यादा लोग रहते हैं

न्यू ब्रिटेन द्वीप पर 5,00,000 से ज्यादा लोग रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने कहा कि देश में सुनामी का कोई खतरा नहीं है, जो पापुआ न्यू गिनी का सबसे करीबी पड़ोसी है। न्यूजीलैंड के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। पापुआ न्यू गिनी प्रशांत महासागर रिंग ऑफ फायर पर स्थित है, जहां अधिकांश भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधि होती हैं।

# कनाडा में भारतीय नागरिक की चाकू मारकर हत्या, एक संदिग्ध गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस




**ओटावा ।** भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि कनाडा के ओटावा शहर के रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। उच्चायोग ने बताया कि इस मामले में स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर लिखा कि हम रॉकलैंड, ओटावा के पास चाकू मारने की घटना में एक भारतीय नागरिक की मृत्यु से दुखी हैं। पुलिस ने बताया है कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। हम स्थानीय समुदाय संघ के माध्यम से शोक संतप्त परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए संपर्क में हैं।


कनाडा की मीडिया के अनुसार क्लेरेन्स-रॉकलैंड में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने मौत के कारण का खुलासा नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीटीवी न्यूज के अनुसार ओंटारियो प्रांतीय पुलिस (ओपीपी) ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर 3 बजे रॉकलैंड में लालोंडे स्ट्रीट के पास गोलीबारी की घटना हुई। यह घटना ओटावा शहर के पूर्व में लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस ने अभी तक यह नहीं बताया है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर क्या आरोप लगाए गए हैं? ओपीपी ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं है।

सीटीवी न्यूज ने ओपीपी के हवाले से कहा, चूंकि हम जांच के शुरूआती चरण में हैं, इसलिए कोई और जानकारी नहीं दी जा सकती है।

# ताइवान की सीमा पर चीनी लड़ाकू विमानों को जमावड़ा, वायु सीमा का किया उल्लंघन



**ताइपे ।** चीन और ताइवान के बीच लगातार टकराव बढ़ता जा रहा है। चीन के लड़ाकू विमान लगातार ताइवन की सीमा में घुसकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसी बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि शुक्रवार सुबह 6 बजे चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 12 विमान और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के 6 पोतों की गतिविधि ताइवान के आसपास दर्ज की हैं। ताइवान का दावा है कि इन 12 विमानों में से 9 ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक पोस्ट में लिखा, पीएलए के 12 विमान और चीन नेवी के 6 पोत ताइवान के आसपास सक्रिय पाए गए हैं। इनमें से 9 विमानों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति की निगरानी की और उचित प्रतिक्रिया दी।

इससे पहले शुक्रवार को ही ताइवान ने पीएलए के 16 विमानों, 9 नेवी पोतों और 2 आधिकारिक जहाजों की गतिविधि दर्ज की थी। उन 16 विमानों में से 15 ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया था।

## अमेरिका ने दर्ज कराया विरोध

इससे पहले, ताइपे टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने ताइवान के आसपास चीन की सेना द्वारा हाल ही में किए गए संयुक्त अभ्यास के बाद ताइवान जलडमरूमध्य में ₹यथास्थिति₹ में किसी भी एकतरफा बदलाव के प्रति अपनी अस्वीकृति दोहराई है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट को ताइपे टाइम्स से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हैं ।

# पीएम मोदी का श्रीलंका में भव्य स्वागत, तोपों से दी गई सलामी, कई समझौतों पर लग सकती है मुहर



**श्रीलंका दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत किया गया। कोलंबो के स्वतंत्रता चौक पर औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उन्हें तोपों की सलामी दी गई**

**कोलंबो ।** पीएम मोदी की 2019 के बाद यह पहली श्रीलंका यात्रा है। इससे पहले वे 2015 और 2019 में श्रीलंका का दौरा कर चुके हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा से भारत-श्रीलंका के संबंधों में और अधिक मजबूती आने की उम्मीद है।

## एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत

पीएम मोदी शनिवार शाम श्रीलंका पहुंचे थे। एयरपोरट पर पीएम मोदी की श्रीलंका सरकार के पांच मंत्रियों ने अगवानी की थी। यात्रा के दूसरे दिन आज पीएम मोदी की श्रीलंकाई प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या से भी मुलाकात होगी। इससे पहले केंद्रीय सचिवालय में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ पीएम मोदी द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी-दिसानायके वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच श्रीलंका के ऋण पुनर्गठन समेत कई अन्य द्विपक्षीय समझौते हो सकते हैं।

मोदी और दिसानायके के बीच वार्ता के बाद, ऋण पुनर्गठन पर श्रीलंका को भारत की सहायता तथा मुद्रा विनिमय पर भारत की सहायता से संबंधित दो दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने की संभावना है। कोलंबो में मोदी और दिसानायके भारत की सहायता से उस देश में बनाई जा रही कई परियोजनाएं देश को समर्पित करेंगे। दोनों नेता सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना के वर्चुअल शिलान्यास के भी साक्षी बनेंगे।

पीएम मोदी का कार्यक्रम

मोदी शनिवार को आईपीकेएफ (भारतीय शांति सेना) स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। माना जा रहा है, पीएम मोदी और दिसानायके ऐतिहासिक शहर अनुराधापुरा भी जा सकते हैं। वहां स्थित महाबोधि मंदिर के दर्शन करेंगे। यहां के महाबोधि पेड़ को उस बोधि पेड़ का अंश माना जाता है।

रक्षा समझौते से 35 साल पुराना कड़वा अध्यया होगा खत्म रक्षा सहयोग पर समझौता होने से भारत-श्रीलंका रक्षा संबंधों में एक बड़ी प्रगति होगी। यह 35 साल पहले द्वीप राष्ट्र से भारतीय शांति सेना (आईपीकेएफ) को वापस बुलाने से संबंधित कड़वे अध्याय को पीछे छोड़ देगी।

# संघर्षविराम वार्ता के बीच यूक्रेन पर नहीं रुक रहे रूस के हमले




**कीव ।** मध्य यूक्रेन के शहर क्रीवी रीह पर रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिसमें 14 लोग मारे गए और 50 से अधिक घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि हमले में मारे गए लोगों में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर दिप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र से छह बच्चे भी शामिल हैं। निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र के प्रमुख सेरही लिसाक ने रूसी बैलिस्टिक हमले को नागरिकों के खिलाफ युद्ध करार दिया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और यूरोपीय अधिकारी रूस पर संघर्ष में संघर्ष विराम स्वीकार करने का दबाव बना रहे हैं।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक रूसी मिसाइल ने रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया। हमले में पांच इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और बचाव अभियान जारी है। जेलेंस्की ने युद्ध को समाप्त करने की रूस की अनिच्छा पर निराशा जताई और कहा कि रूस हर दिन हमला कर रहा है।

मिसाइल और ड्रोन से किए जा रहे हमले यह साबित करते हैं कि रूस केवल युद्ध चाहता है। जेलेंस्की ने यूक्रेन के सहयोगियों (अमेरिका, यूरोप और शेष विश्व) से यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने और मास्को पर युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ाने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने कहा, अब, यह स्पष्ट है कि कौन शांति चाहता है और कौन युद्ध। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने ब्रसेल्स में नाटो की बैठक में खार्किव हमले का जिक्र करते हुए कहा।

# माइक्रोसॉफ्ट की 50वीं वर्षगांठ की पार्टी में बवाल फलस्तीन समर्थक कर्मचरियों ने जमकर मचाया हंगामा




**वॉशिंगटन ।** माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारियों की ओर से शुक्रवार रात फलस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस वजह से वॉशिंगटन में आयोजित कंपनी की 50वीं वर्षगांठ के जश्न में हंगामे जैसे हालात बन गए। दरअसल, कंपनी की ओर से इस्राइली सेना को कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक की आपूर्ति करने की बात सामने आने के बाद से ही मामले ने तूल पकड़ा हुआ है। इस वजह से प्रौद्योगिकी उद्योग के इस कदम के खिलाफ फलस्तीन समर्थकों को गुस्सा फूट पड़ा है।

विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ, जब माइक्रोसॉफ्ट एआई के सीईओ मुस्तफा सुलेमान कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स और पूर्व उएड स्टीव बाल्मर सहित दर्शकों के सामने कंपनी के अक उत्पाद, उससे जुड़े अपडेट और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पेश कर रहे थे। इस दौरान एक कर्मचारी इब्तिहाल अबूसाद ने चिल्लाते हुए कहा कि आपको शर्म आनी चाहिए। जब वह तेजी से मंच की ओर बढ़ीं तो सुलेमान ने अपना भाषण रोक दिया। उन्होंने कहा कि आप दावा करते हैं कि आप अकका उपयोग अच्छे के लिए करना चाहते हैं, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट इस्राइली सेना को अकहथियार बेचता है। 50 हजार लोग मारे गए हैं। कंपनी हमारे घर में हो रहे इस नरसंहार को चिंगारी देने का काम कर रही है। इस पर सुलेमान ने कहा कि आपके विरोध के लिए धन्यवाद, मैं आपकी बात सुन रहा हूं। फिर भी अबूसाद ने चिल्लाते हुए कहा कि सुलेमान और पूरे माइक्रोसॉफ्ट के हाथ खून से सने हैं।

# सिंधु नदी पर छह नई नहरों के निर्माण को मंजूरी के खिलाफ जेएसएम का प्रदर्शन, राष्ट्रीय राजमार्ग रोके



**पाकिस्तान के सिंध में सिंधु नदी पर छह नई नहरों के निर्माण को मंजूरी देने के खिलाफ शुक्रवार को जेय सिंध महाज (जेएसएम) ने विरोध प्रदर्शन किया। जेएसएम ने तीन अलग-अलग स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया**

**सिंध ।** जेएसएम के अध्यक्ष रियाज अली चंदियो ने नौशेरो फिरोज जिले के मोरो में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक विरोध रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान रियाज अली ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार को बेअसर करने के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू किए हैं, जिसके लिए 4 अप्रैल को चुना गया। उन्होंने कहा, 'जब तक सरकार इन सभी विवादास्पद परियोजनाओं को रद्द करने की अधिसूचना जारी नहीं करती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।'

## नई नहरों का उद्देश्य सिंध से पानी-जमीन छीनना

रियाज चंदियो ने कहा कि ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव और नई नहरों का उद्देश्य सिंध से पानी और जमीन छीनना है। उन्होंने इसे 'सिंध की पूरी आबादी की आर्थिक हत्या' बताया, जो कृषि पर निर्भर है। उन्होंने पीपीपी पर आरोप लगाया कि वे प्रांत में दिखावटी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि नई नहरों के निर्माण को अपनी मंजूरी दे दी है।

## लोगों को जबरन गायब करने का आरोप

जय सिंध कौमी महाज (जेएसक्यूएम) के नेता नियाज कलानी ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले लोगों को जबरन गायब किया जा रहा है। उन पर एफआईआर की जा रही हैं, जिसके लिए नियाज ने सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विरोध प्रदर्शन को कमजोर करने के लिए रणनीति अपनाई जा रही है। हालांकि, विरोध प्रदर्शन और मजबूत होते जा रहे हैं।

**विरोध प्रदर्शन को सिंध तरकी पसंद पार्टी ने भी दिया समर्थन** : इस बीच, सिंध तरकी पसंद पार्टी ने भी विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया है। पार्टी अध्यक्ष कादिर मैगसी ने कहा कि उनकी पार्टी 10 अप्रैल को प्रांत में राजमार्गों पर धरना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर हर दिन अलग-अलग स्थानों पर धरना आयोजित किया जाएगा। मैगसी ने कहा, 'नहरों और कॉरपोरेट खेती के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन एक ऐसे आंदोलन में बदल गए हैं ।

# उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनप्रतिनिधियों से किया आत्मीय संवाद









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जल निगम गेस्ट हाउस, प्रताप विहार में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेता गण एवं कार्यकताओं से आत्मीय संवाद किया। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की संयुक्त अध्यक्षता में डिप्टी सीएम ने सभी को पार्टी स्थापना दिवस पर जोश, जश्न और अनुशासन के साथ संगठन की मजबूती के लिए जुट जाने के लिए प्रेरित किया। आगामी चुनावी रणनीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा के दौरान विपक्ष के पीडीए पर कटाक्ष किया और बताया पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है जिसके मुखिया अखिलेश हैं। संवाद से कार्यकताओं में नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ। यह संवाद भाजपा की जमीनी ताकत का प्रतीक बन केशव मौर्या कार्यकताओं के दिलों से जोड़ता है।

# तिगरी गोल चक्कर पर 2 करोड़ 28 लाख की लागत से बनेगा गाजियाबाद का भव्य प्रवेश द्वार, महापौर ने किया शिलान्यास

## द्वार की भव्यता से लोग आकर्षक होंगे: महापौर सुनीता दयाल







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जनसामान्य लोगों जब नोएडा से तिगरी गोल चक्कर होते हुए विजय नगर, गाजियाबाद में प्रवेश करते है तब गाजियाबाद में प्रवेश का पता नही चलता है। इसलिए एक द्वार का कार्य यू पी गेट पर चल रहा है।

शुक्रवार को तिगरी गोल चक्कर पर एक प्रवेश द्वार निर्माण का शिलान्यास महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा किया गया है, जिसमे मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष हेमराज माहौर, जेई एस के सरोज उपस्थित रहे।

चुनाव के बाद से ही महापौर सुनीता दयाल ने शहर के मुख्य प्रवेश पर द्वार बनवाने की प्लानिंग की हुई थी जिसके लिए यू पी गेट पर प्रवेश द्वार का निर्माण पूर्व में ही शुरू हो गया था और आज तिगरी पर प्रवेश का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 28 लाख है।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि हमारे शहर के बाहरी हाइवे से लोग निकल जाते है और गाजियाबाद के पता भी नही चलता है। यह प्रवेश द्वार बनाये जाने से गाजियाबाद शहर की जानकारी होगी और शहर की सुंदरता बढ़ेगी। यह द्वार शहर की पहचान बनेंगे और इनका रूप भी भव्य होगा। जिसको देख कर अन्य शहरवासी भी प्रेरणा लेकर अपने शहर में इसी मॉडल के द्वार बनाएंगे। इस द्वार में ढोलपुरी पत्थर, रंग बिरंगी लाईट, आस पास हरयाली से साज सज्जा की जाएगी जो दूर से ही लोगो को आकर्षित करेगी।

# सपा कार्यालय पर महर्षि कश्यप, अशोक मौर्य और निषादराज गुह्य की जयंती मनाई





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को राजनगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महर्षि कश्यप, अशोक मौर्य एवं निषादराज गुह्य की जयंती महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में मनाई गई। समाजवादी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने उनके योगदान को स्मरण किया और समाजवाद, समानता तथा सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष हाजी परवेज चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव, महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट, वरिष्ठ सपा नेता सरफराज अहमद, इरफान अमानत चौधरी, जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन, मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष देवदत्त धाम, महानगर उपाध्यक्ष नरेश बत्रा, छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर, असलम कुरेशी, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी रोहित माथुर, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा प्रदेश सचिव युवजन सभा साकिर हुसैन, आरिफ सलमानी सुभाष सिंह, एडवोकेट महानगर सचिव नवीन कुमार शर्मा, वीरेंद्र यादव बिन्नू, पूर्व पार्षद प्रत्याशी शैलेश चंद्र गौतम, महानगर सचिव माजिद ठाकरान, जयप्रकाश सिंह एडवोकेट, सोनू सैनी, साजिद सैफी, महानगर सचिव जितेंद्र जाटव, कैप्टन सतपाल सिंह यादव, जिले खान सलमानी, महानगर सचिव शशि कश्यप, पूर्व जिला महासचिव महिला सभा रोहिल बबल कश्यप, युवा राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# सिद्धार्थ विहार में कबाड़ में लगी भीषण आग, मौके पर दमकल की 6 गाड़ियां



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना विजयनगर क्षेत्र में स्थित सिद्धार्थ विहार में एक बड़ी घटना सामने आई है। प्रतीक ग्रैंड हाई राइज सोसाइटी के पास जमा कूड़े में भीषण आग लग गई।

दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, घंटाघर फायर स्टेशन को आग की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी फायर टैंकर के साथ मौके पर पहुंचे। कूड़े में मौजूद पन्नी, प्लास्टिक, गत्ता और अन्य ज्वलनशील सामान की वजह से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। आग की गंभीरता को देखते हुए 6 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग से निकल रहे धुएं की वजह से आसमान काला दिखाई दे रहा है। सुरक्षा के लिहाज से आसपास मौजूद सभी लोगों को हटा दिया गया है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# यादव समाज के सभी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

## प्रशासन से करणी सेना के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन देने का प्रस्ताव हुआ पारित





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को वृन्दावन ग्रीन फार्म हाउस, गाजियाबाद पर यादव समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारियो की मीटिंग आहूत की गयी। बैठक में करणी सेना ने यादव समाज को लक्षित करते हुए सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर अमर्यादित एवं असंवैधानिक भाषा का प्रयोग बार बार किए जाने से यादव समाज की भावनाओं को भारी ठेस पहुंची है। इसकी वजह से यादव समाज में भारी आक्रोश पनप रहा है। यादव समाज हमेशा से सभी जाति एवं धर्मों सम्मान करता है। मीटिंग में करणी सेना को चेतावनी देते हुए प्रशासन से करणी सेना के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही साथ यह निर्णय भी लिया गया कि करणी सेना पर यदि आवश्यक कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाज बड़े स्तर पर आन्दोलन की तैयारी करेगा।

मीटिंग तके मुख्य रूप से रामावतार यादव, यादव वैवाहिक परिचय सम्मेलन, देवेंद्र यादव, यादव महासभा, के के यादव, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, जितेन्द्र यादव, भारत यादव महासभा, सिकंदर यादव, राकेश यादव, कृष्णवंशी महासभा, महाराज यादव, सत्यपाल यादव, संजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, नरेश यादव, एडवोकेट महेंद्र यादव, वीरपाल यादव, श्यामवीर यादव एडवोकेट, महेश यादव, कृष्ण यादव, रवि यादव, एस आर यादव, अंकुर यादव, जितेन्द्र यादव, राजपाल यादव, रामानंद यादव, कोशलेंद्र यादव, विकास यादव, नवल किशोर यादव, किरणपाल यादव एवं यादव समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# 45 वां स्थापना दिवस की तैयारी के लिए मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया झंडा वितरण





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी ने विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं स्थापना दिवस आयाम से जुड़े प्रमुख लोगों के साथ अपने आरडीसी स्थित कार्यालय पर एक बैठक कर स्थापना दिवस के 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक सभी कार्यों की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारियों का आबंटन किया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने 6 अप्रैल स्थापना दिवस की तैयारियों के तहत सभी मंडल अध्यक्षों को झंडा वितरण किया।

# माँ वैष्णो धाम सपनावत में माता की चौकी का हुआ भव्य आयोजन











**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को नवरात्रों की अष्टमी पर सपनावत स्थित माँ वैष्णो धाम में माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। नवरात्रों के अवसर पर माँ वैष्णो धाम में प्रथम नवरात्रि से ही मेले के आयोजन और प्रतिदिन भंडारे के साथ ही हजारों श्रृद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाता है तथा प्रत्येक नवरात्रों की अष्टमी को माँ वैष्णो धाम में सांयकाल से माता रानी की चौकी का आयोजन किया जाता है। इस बार दिल्ली के भजन गायक संदीप और साक्षी साहनी और वृन्दावन से आयी खुशबू राधा जी ने माता रानी की भेंट सुनाते हुए भक्तों को भक्ति के आनंद में सराबोर कर दिया।

शनिवार शाम को समरकूल वाले गुप्ता परिवार और माँ वैष्णो धाम सेवा समिति के सदस्यों ने माता रानी की चौकी में दिव्य ज्योति प्रज्वलित करके इसका शुभारंभ किया तथा देर रात्रि तक मंदिर प्रांगण भजनों और माता रानी के जयकारों से गुंजायमान रहा तथा प्रशाद वितरण के साथ ही माता रानी की चौकी का समापन किया गया।

इस अवसर पर माँ वैष्णो धाम सेवा समिति के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, श्रीमती रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुरभि गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, उमेश गर्ग, सुबोध गुप्ता, राकेश गोयल, रेनू गोयल, रोहित गोयल, विकास गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, तरूण ढींगरा, राधा गोयल, आदेश गर्ग, नीरज गोयल, धीरज गोयल, राजेश गर्ग, प्रमोद गुप्ता, अशोक गुप्ता, पारस गुप्ता, अर्नव गुप्ता, वैभव गुप्ता, निश्चल गर्ग, ऋषभ गोयल, यश गोयल, आदि उपस्थित रहे।

# 6 अप्रैल को आयोजित होगा दिव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साहित्य प्रोत्साहन समिति की ओर से 6 अप्रैल को कविनगर में दिव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया जाएगा। समिति के संयोजक राज कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम शाम 5 बजे से कवि नगर रामलीला मैदान में स्टेज के नीचे बने जानकी सभागार में होगा। नेशनल हाई वे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष यादव मुख्य अतिथि होंगे। कवि सम्मेलन व मुशायरे में विजेंद्र सिंह परवाज, अंदाज देहलवी (दिल्ली), मासूम गाजियाबादी, फखरी मेरठ, राज कौशिक, सचिन अग्रवाल शालिनी, (बरेली), डॉ अन्जू सिंह, (मुरादाबाद) और गार्गी कौशिक द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। कवि सम्मेलन में प्रवेश निशुल्क है।

# नगर निगम का आदेश रामनवमी पर गाजियाबाद मे नॉनवेज दुकाने रहेंगी बंद

## धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया फैसला




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम ने रामनवमी के अवसर पर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। नगर निगम क्षेत्र में 6 अप्रैल 2025, रविवार को सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी ने एक सार्वजनिक सूचना जारी की है। इस सूचना में सभी मांस-मछली की दुकानों और ठेली संचालकों को निर्देश दिए गए हैं। आदेश का मुख्य उद्देश्य धार्मिक भावनाओं का सम्मान और शांति व्यवस्था को बनाए रखना है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त करने पर संबंधित व्यवसायी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह आदेश नगर निगम क्षेत्र की सभी मांस-मछली की दुकानों पर लागू होगा।

# तीन घंटे के विशेष अभियान में खुले में शराब पीने वाले 540 लोग पकड़े



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 540 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सभी को थाने लाकर मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में शराब के ठेकों के आसपास और सड़क किनारे चेकिंग अभियान चलाया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई की गई। कोतवाली घंटाघर से 68, विजयनगर से 47, सिहानी गेट से 25, नंदग्राम से 41, कवि नगर से 26 और मधुबन बापूधाम से 23 लोगों को पकड़ा गया। कुल 230 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 156 लोगों को पकड़ा गया। इनमें लोनी से 27, ट्रॉनिका सिटी से 14, अंकुर विहार से 9, लोनी बॉर्डर से 12, मसूरी से 18, मुरादनगर से 22, मोदीनगर से 11, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 23 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 23 लोग शामिल हैं।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल कसाना ने अपने मन की बात को शब्दों के जरिए साझा किया। अनिल कसाना ने शब्दों के जरिए जो कहा उसे समझने वाले समझ गए अनिल कसाना का यह अंदाज और उनकी यह फेसबुक पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।